**रोहतक**
**रविवार, 7 जनवरी, 2024**
पौष मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 27, अंक : 346
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 11.0
न्यून. 6.8

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


05 ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 3-0 से रौंदा वार्नर का अपने आखिरी मैच में अर्धशतक



CBC 22201/13/0101/2324
# मोदी सरकार की गारंटी
## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से सुरक्षित मातृत्व
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
3 करोड़ 20 लाख गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को ₹14 हज़ार करोड़ की सहायता
हमारा संकल्प विकसित भारत



DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728

AN ISO Co.
शक्तिशाली कीटाणु नाशक
जेट फिनाईल

# प्रदेश के कई जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट, गिर रहीं ओस की बूंदें

**4 जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे आया**

**अंबाला सबसे ठंडा रहा, 10 मीटर से भी कम रही दृश्यता**

**अभी दो दिन और सताएगी भीषण ठंड 9 जनवरी से बूंदाबांदी के आसार**

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी और शीतलहर के कारण लोगों के हाड़ कांपने लगे हैं। आमजन को कहीं भी राहत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है। यहां घने कोहरे के साथ ही शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। इन जिलों में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद शामिल हैं। वहीं, प्रदेश के 4 जिलों में हालात ज्यादा खराब हो गए हैं, यहां दिन का अधिकतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। सुबह-शाम धुंध का आलम यह है कि शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 10 मीटर तक ही दृश्यता रह गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हरियाणा में मौसम आमतौर पर 8 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है।

यमुनानगर, अंबाला, रोहतक, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, सोनीपत, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और जींद में ज्यादा ठंड
■
11 जनवरी से फिर सर्दी का दौर, तापमान गिरेगा



### 9 से बदलेगा मौसम

चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन लाल खीचड़ ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 8 जनवरी रात्रि से मौसम में बदलाव होने की संभावना है जिससे 9 व 10 जनवरी को राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बदलवाई, हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। मौसम में इस बदलाव के कारण लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी।

### कोहरा भी बढ़ा रहा परेशानी

हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में दो हफ्ते से लगातार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कोहरा, कोल्ड डे और शीतलहर ने यहां कहर बरपाया हुआ है। हालात यह है कि शाम होते ही कोहरे की सफेद चादर छा जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो दिन अभी ऐसे ही हालात बने रहेंगे। लोगों को ठंड से दो चार होना पड़ेगा। 9 से 11 जनवरी तक कुछ राहत मिलेगी। इसके बाद फिर भीषण ठंड का आगाज होगा।

**अंदर के पन्नों पर**

▶▶ पीएम मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदला पेज-2
▶▶ आज टी-20 श्रृंखला जीतने उतरेगी महिला क्रिकेट टीम पेज-5
▶▶ राजनाथ ने रखी पतंजलि गुरुकुलम की आधारशिला पेज-8
▶▶ जयपुर में डीजी-आईजी सम्मेलन में पहुंचे मोदी पेज-8

*सोनीपत से 38 घंटे बाद दिल्ली रवाना हुई ईडी की टीम*

# कांग्रेस विधायक, इनेलो और भाजपा नेता के खिलाफ तीसरे दिन भी छापे

**यमुनानगर/करनाल/सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के तीन जिलों में तीन नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। ईडी यमुनानगर में अवैध खनन के मामले की जांच कर रही है। इस मामले में यमुनानगर से इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह, करनाल से भाजपा नेता मनोज वधवा और सोनीपत में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार के करीब 20 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के घर शनिवार को भी ईडी टीम दिन भर जांच करती रही। इस दौरान ईडी की टीम ने पूर्व विधायक के घर सुरक्षा का कड़ा पहरा रखा और किसी को ना तो भीतर जाने की अनुमति दी गई और ना ही किसी को बाहर आने दिया गया।



### अभी तक यह बरामद

अभी तक ईडी की टीम द्वारा पूर्व विधायक समेत उनके करीबियों के यहां से पांच करोड़ का कैश, सोने के तीन बिस्कुट, सैंकड़ो विदेशी शराब की बोतलें व कई बंदुक और राइफल, सैंकड़ो जिंदा कारतूस और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज बरामद कर चुकी है और प्रतापनगर थाना में आर्म्ज एक्ट और आबकारी एक्ट के तहत दो मामले भी दर्ज करवाए जा चुके हैं। जिनमें पुलिस जांच करने में लगी है।

करनाल और यमुनानगर में अभी खंगाले जा रहे दस्तावेज
■
यमुनानगर में अवैध खनन मामले की जांच कर रही एजेंसी
■
यमुनानगर में पूर्व इनेलो विधायक के घर से अब तक पांच करोड़ कैश, विदेशी हथियार, सोने के बिस्किट और कारतूस बरामद हो चुके

### दो मामले किए हैं दर्ज

एएसपी हिमाद्री कौशिक ने बताया कि पुलिस को दो शिकायतें मिली हैं। एक शिकायत ईडी ने असले के बारे में दी है। इस दौरान ईडी द्वारा असले को भी पुलिस के हैंडओवर किया है। वहीं, दूसरी शिकायत ईडी द्वारा आबकारी विभाग को दी गई थी। आबकारी विभाग ने उस शिकायत को कार्रवाई के लिए पुलिस को दिया है।

### सोनीपत में पंवार के घर से दस्तावेज जब्त

सोनीपत में करीब 38 घंटे की गहन छानबीन व जांच के बाद प्रवर्तन निदेशालय की टीम वापस लौट गई। ईडी की टीम लौटते ही शनिवार को विधायक सुरेंद्र पंवार फिर से फिल्ड में उतरे और उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ ही जनसमस्याओं का निवारण भी किया। विधायक पंवार ने कहा कि उनके आवास पर ईडी की टीम किसी मामले में जांच के लिए पहुंची थी। दो दिन तक टीम ने जांच की। इस दौरान उनसे व उनके परिवार से जो भी कागजात मांगे गए उन्होंने उपलब्ध करवाए। कुछ कागजात टीम अपने साथ ले गई है। उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है।





## ऐलोपैथी की सिंथेटिक केमिकल बेस्ड दवाओं के साथ पतंजलि ने तुलनात्मक साइंटिफिक रिसर्च कर के ये प्रूव किया है कि पतंजलि की दिव्य आयुर्वेदिक औषधियां अधिक प्रभावशाली हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात है कि पतंजलि की औषधियां, बी. पी., शुगर, थायरॉइड, अस्थमा, आर्थराइटिस, कोलेस्ट्रॉल व फीवर आदि डिजीज को कन्ट्रोल करने के साथ–साथ इन सभी रोगों के कारणों का निवारण भी करती हैं। रोग को ट्रीट करने के साथ पतंजलि की प्रत्येक दिव्य आयुर्वेदिक औषधि इम्यूनिटी बूस्टर, एंटी इंफ्लेमेटरी व एंटी एजिंग भी होती हैं। लीवर व किडनी फंक्शन तथा पाचन को ठीक करने के साथ–साथ बैक्टिरिया, वायरस व फंगस के खिलाफ लड़ने के लिए शरीर को ऊर्जा प्रदान करती हैं। अतः पतंजलि आयुर्वेद की रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड औषधियां अपनाइए रोगों को जड़ से मिटाकर इंटीग्रेटेड हेल्थ पाइए। हेल्थ के बारे में यह सच सभी देशवासियों को पहुंचाकर उपचार के नाम पर हो रहे अत्याचार से देश को बचाकर पुण्य के भागी बनिए। पतंजलि के रिसर्च पेपर सर्च करने के लिए वेबसाइट विज़िट करें https://patanjali.res.in/research-paper.php



हाई बी. पी. को प्राकृतिक रूप से निर्मूल करने के लिए। स्ट्रेस, तनाव, रक्त संचरण एवं पित्त के लिए अचूक औषधि
**मुक्ता वटी व बीपीग्रिट**



पेनक्रियाज के सेल्स को रीजुविनेट कर के डायबिटीज के पेशेन्ट्स को नॉन–डायबेटिक बनाने के लिए
**मधुनाशिनी वटी व मधुग्रिट**



श्वसन तन्त्र को मज़बूत बनाकर रेसिपरेटरी सिस्टम के समस्त रोगों की निवृत्ति व कफ़, कोल्ड, अस्थमा के लिए
**श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, श्वासारि अवलेह, श्वासारि प्रवाही एवं ब्रोंकोम**



डैमेज़्ड कार्टिलेज को रिपेयर व सभी पेन मार्कर्स को रेगुलेट कर के आर्थराइटिस और समस्त वात रोगों से मुक्ति दिलाने के लिए
**ऑर्थोग्रिट एवं पीड़ानिल**



रीनल डिसऑर्डर, क्रॉनिक किड्नी डिज़िज को रिवर्स कर के किड्नी को पूर्णत: स्वस्थ बनाने के लिए
**रीनोग्रिट व ट्रायघन वटी**



अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, माइग्रेन से मुक्ति और स्मरण शक्ति में वृद्धि के लिए
**मेमोरीग्रिट, मेधावटी व न्यूरोग्रिट गोल्ड**



ज्वर व इम्यूनिटी के लिए अत्यन्त प्रभावशाली है
**गिलोय घनवटी व फीवोग्रिट**



फैटी लिवर, लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस व पाचन तन्त्र के समस्त रोगों के लिए सर्वश्रेष्ठ
**लिवोग्रिट व लिवामृत**



एलोपैथी दवाई के सेवन से ब्लड प्रोफाइल अनियंत्रित हो जाती है। प्राकृतिक रूप से कोलेस्ट्रॉल घटाये **लिपिडोम**

थायरॉइड के लिए **थायरोग्रिट**



एक महीने में 10–15 किलो तक वेट कम करने के लिए गोधन अर्क के साथ मेदोहर वटी तथा लौकी के जूस के साथ वेट गो लें व योग और इंटरमिटेंट फ़ास्टिंग करें।



विश्व का श्रेष्ठतम् व शुद्धतम् पतंजलि हनी व च्यवनप्राश। सर्दियों का यह सुपरफूड खायें, इम्यूनिटी बढ़ायें, रोगों से स्वयं को बचायें।

PATANJALI wellness Yoga, Ayurveda & Naturopathy
समस्त असाध्य रोगों से स्थायी मुक्ति पाने के लिए एक बार 7 दिन पतंजलि वेलनेस में रेजिडेंशियल योग, आयुर्वेद एवं पंचकर्म आदि की चिकित्सा के लिए अवश्य आयें।
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 8954666111, 8954666222, 8954666333

पतंजलि गुरुकुलम् में एडमिशन हेतु सम्पर्क करें: 8954555999

हमारी सभी औषधियाँ पतंजलि स्टोर्स, प्रमुख मेडिकल, आयुर्वेदिक और बड़े स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। यदि किसी स्टोर पर उपलब्ध न हो, तो दुकानदार से इसकी डिमाण्ड कीजिए। वो हमारे डिस्ट्रीब्यूटर से लेकर आपको अवश्य उपलब्ध कराएंगे।

ऊपर वर्णित दवा का उपयोग मात्र सुझाव है। उपर्युक्त रोगों के प्रबंधन हेतु उपचार में इनका मुख्यतः प्रयोग किया जाता है। स्वविवेक से दवाएं न लें। दवाओं का प्रयोग हमेशा चिकित्सकीय निरीक्षण में करें।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीति की संस्कृति को बदला: नड्डा

## पंचकूला में किया रोड शो, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया तीसरी बार मोदी-मनोहर सरकार का नारा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने स्वागत में रखे रोड शो के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पहले वोट बैंक के लिए जाति-पाति, अगड़ा-पिछड़ा, पहाड़ी-मैदानी और धर्म को धर्म से लड़ाने तथा देश को विभाजित करने वाली राजनीति चलती थी, लेकिन नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का एक नया राजनीतिक संदेश दिया, जिससे भारत को आगे बढ़ने का मंत्र मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार और तीसरी बार मनोहर सरकार एक विचार से जुड़ी बात है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मनोहर सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा जैसे कैरोसीन मुक्ति हुआ, वैसे गरीबी से भी मुक्त हो रहा है। नड्डा के पंचकूला पहुंचने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं की जबरदस्त भीड़ और उनके जयकार के नारों के बीच नड्डा फूलों से सजी खुली गाड़ी में सवार हुए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी भी गाड़ी में रहे, जबरदस्त फूलों की बरसात के बीच रोड शो शुरू हुआ। रोड शो के दौरान अपना संबोधन रखते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि हमें खुशी होती है कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। हमें गर्व और गौरव इस बात का होता है कि मोदी जी भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। लोगों के उत्साह और उल्लास को देखते हुए नड्डा ने कहा कि आप लोगों ने बता दिया है कि तीसरी बार मोदी सरकार और तीसरी बार मनोहर सरकार केवल एक नारा नहीं , बल्कि एक विचार से जुड़ी बातें हैं।

■ किसानों ने जेपी नड्डा, मनोहर लाल व बिप्लब देब का गन्ना देकर किया स्वागत


चंडीगढ़। रोड शो के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री का गन्ना देकर स्वागत करते किसान।

### बैठक में मिशन 2024 की रणनीति पर मंथन

पंचकूला। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की संयुक्त अध्यक्षता में प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक देर रात तक चल रही है। इसमें मिशन 2024 को लेकर रणनीति में तैयारी पर विस्तार से चर्चा होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, बीजेपी प्रभारी विप्लव कुमार देव मौजूद। पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान विचार मंथन और फीडबैक का सिलसिला जारी है। यहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भी पहुंचे हुए हैं। इनके अलावा भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह भी बैठक में मौजूद हैं।

## मिशन 2024 फतह के लिए किया मंथन

पंचकूला। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने हरियाणा में भी अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। आगामी लोकसभा चुनाव में दस की दस सीटें जीतने के लिए एक विशेष कार्य योजना बैठक शनिवार को पंचकूला के पार्टी कार्यालय पंचकमल में बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, अनेक मंत्री, सांसद व पदाधिकारी सहित प्रदेश आला नेता शामिल रहे। प्रदेश के सभी नेताओं से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने प्रदेश में फिलहाल चल रही संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी ली और इसके बाद लगभग दो घंटे तक बैठक में आगामी कार्य योजनाओं पर गहन मंथन हुआ। इस चुनावी मंथन के दौरान भाजपा नेताओं ने एक-एक विषय को छुआ ताकि रणनीति अभेद बन सके। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि इस बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को अंतिम वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। सभी नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की जानकारी भी रखी। सैनी ने बताया कि मोदी-मनोहर सरकार की नीतियों का लाभ किस प्रकार से लोगों को मिल रहा है।

■ बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष , मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे

## पंचकूला में स्वागत से गदगद नजर आए राष्ट्रीय अध्यक्ष

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

मिशन-2024 को फतेह करने के लिए भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा के सियासी दिग्गजों को साथ में लेकर शनिवार को पंचकूला से चुनावी शंखनाद कर दिया है। उन्होंने जहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पीठ थपथपाई, वहीं मिशन 2024 में मोदी-मोदी के मंत्र पर फोकस किया साथ ही कहा कि हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 जीतकर भाजपा की झोली में आएंगे अर्थात यहां किसी से कोई समझौता नहीं होगा। हरियाणा में चुनावी शंखनाद करने पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष इस रोड शो में दोपहर साढ़े बारह बजे एक खुले वाहन पर सवार थे, उनके साथ में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के साथ-साथ प्रदेश भाजपा नवनियुक्त अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र सीट से सांसद नायब सैनी सवार थे। खास बात यह है कि लगभग 1 किलोमीटर लंबे इस रोड शो कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य नेताओं का जोरदार स्वागत किया। नड्डा ने कहा कि विश्व भर में आज अगर कोई सबसे लोकप्रिय नेता है, वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। रोड शो में, भारत माता की जय, जय श्री राम और कन्हैया मित्तल के गीत जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे....देश में एक बार फिर से हम भगवा लहराएंगे डीजे के साथ कार्यकर्ता तालियां बजा रहे थे।

मोदी मोदी और लगातार श्री राम मंदिर और भगवान राम जी के जयकारे लगा रहे थे, जेसीबी मशीनों को लगाकर उनके ऊपर कार्यकर्ता फूल बरसाने के लिए खड़े हुए थे। पहले और दूसरे रथ पर सवार भाजपा के सभी सियासी दिग्गजों पर पुष्प वर्षा हो रही थी, इसके साथ ही वाहन पर सवार सभी नेता भी कार्यकर्ताओं पर फूल बरसा रहे थे। रोड शो में मिले प्यार से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गदगद नजर आए।

## खबर संक्षेप



### फाउंडेशन ने अस्पताल को व्हीलचेयर भेंट की

पंचकूला। श्री श्याम करुणा फाउंडेशन, पंचकूला ने अपनी सामाजिक व जनकल्याणकारी कार्यों का निर्वाह करते हुए फाउंडेशन के संस्थापक एवं समाज सेवी अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में पंचकूला स्थिति मदर टैरिसा हरियाणा साकेत ऑर्थोपेडिक हास्पिटल में जरूरतमंदों के लिए 4 व्हीलचेयर्स दान की। इस अवसर पर हास्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा नवीन जुनेजा के अलावा, अनुपमा रूंगटा, चंद्रशेखर झा व अन्य भी मौजूद थे।

### विश्वास फाउंडेशन ने कंबल किए वितरित

चंडीगढ़। कड़ाके की ठंड को देखते हुए विश्वास फाउंडेशन ने शनिवार को सेक्टर 25 में जरूरतमंदों को 150 कंबल वितरित किए। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास के निर्देशन में कंबल वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष 1300 कंबल जरूरतमंदों को बांटे जाते है इस वर्ष भी 1300 कंबल वितरित किए जा चुके है।


विकसित भारत संकल्प यात्रा ने 70% गांवों को किया कवर

# अब शहरों में भी पहुंचेगी मोदी की गारंटी की गाड़ी

## मुख्यमंत्री ने बैठक कर की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में 30 नवंबर से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा को दिन प्रतिदिन अपार जनसमर्थन मिल रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल लगातार हर सप्ताह जिला उपायुक्तों से यात्रा के संबंध में फीडबैक लेते हैं और प्रशासनिक या अन्य किसी भी प्रकार की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं देते हैं। उनकी इसी कार्यशैली का परिणाम है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति के मामले में भी हरियाणा देश में अग्रणी राज्य बन रहा है। गत दिवस शुक्रवार को देर सायं भी मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ अहम बैठक कर उनसे यात्रा की प्रगति का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि यात्रा के दौरान लगभग 70 प्रतिशत यानि 4800 से अधिक गांवों को कवर किया जा चुका है, इसलिए अब शहरों में यात्रा शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के रथ यानि मोदी की गारंटी की गाड़ी पूरे प्रदेश में पंचायत से पंचायत और ब्लॉक से ब्लॉक घूम रही है। घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ने के लिए यह गाड़ी संकल्पित है। गांवों की भांति शहरों में भी इन गाड़ियों के दौरे बढ़ाएं जाएं। बैठक के दौरान यात्रा में जिलों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन के अधिकारी लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें और उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान करें।



■ यात्रा ने प्रदेश के 4800 गांवों को कवर किया

■ लोगों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा

### मुख्यमंत्री आज लोगों से सीधा संवाद करेंगे

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधिवत रूप से राज्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 30 नवंबर, 2023 को किया था और जनता को इस यात्रा का उद्देश्य बताते हुए उनसे योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की थी। उसके बाद अब मुख्यमंत्री एक बार फिर 7 जनवरी को इस यात्रा में भागीदारी करने वाले लोगों से सीधा संवाद करेंगे और उनसे योजनाओं के लाभ लेने के संबंध में फीडबैक लेंगे। नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है राज्य सरकार की प्राथमिकता मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो, यही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सभी विभागों की टीमें तब तक कार्यक्रम स्थल से न जाएं जब तक काम पूरा न हो।

## करनाल आयुक्त विजय दहिया का तबादला

चंडीगढ़। पांच दिन पहले जारी सूची में करनाल आयुक्त तैनात किए गए विजय दहिया को हरियाणा सरकार ने एक बार फिर से बदल दिया है। अब करनाल का प्रभार रेणु फूलिया को सौंपा गया है, विजय दहिया को राज्य अभिलेखागार विभाग में बतौर में कमश्निर व सचिव तैनात कर दिया है। अब से पहले यह विभाग चर्चित अधिकारी अशोक खेमका के पास में राज्य का अभिलेखागार विभाग था, वे इस विभाग के मुखिया बतौर एसीएस काम संभाले हुए हैं। यहां पर उल्लेखनीय है कि दहिया पर बिलों के भुगतान को लेकर एक महिला पूनम चोपड़ा के माध्यम से रिश्वत मांगने के आरोप हैं। महिला को ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया था।

## इनसो की कार्यकारिणी का किया पुनर्गठन

चंडीगढ़। नए साल पर छात्र संगठन इनसो ने अपनी कार्यकारिणी के पुनर्गठन की शुरुआत की है। इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल , प्रदेश प्रभारी रवि मसीत व प्रदेश अध्यक्ष अजय राव ने इनसो संस्थापक व जेजेपी सुप्रीमो डॉ अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला से विचार विमर्श करके 11 जिला अध्यक्षों की घोषणा की। इनसो ने प्रदीप शर्मा को रोहतक, भीष्म दहिया को झज्जर , कृष्ण राणा को यमुनानगर, कृष्ण सरोहा को सोनीपत, अज्जू घनघस को हिसार, विक्रांत कटारिया को गुरुग्राम, हनी दहिया को कुरुक्षेत्र व अन्य जिलों में अध्यक्ष नियुक्त किए गए।

## कर्मचारियों ने कल का धरना स्थगित किया

चंडीगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त तालमेल कमेटी की अहम बैठक विभाग निदेशक मोनिका मलिक के साथ हुई। इस दौरान आने वाले समय में बैठक रखने और विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा का फैसला लिया गया। जिसके बाद में 8 जनवरी का प्रदर्शन टाल दिया गया है। विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के 8 जनवरी को निदेशालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया है। बैठक में आई सी डी एस ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा,आई सी डी एस सुपरवाइजर वेलफेयर एसोसिएशन व अन्य संगठन शामिल है।

## आप प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरा


चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों के साथ लगातार धोखा करती आ रही है। लेकिन मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए सरकार लगातार कहती रही कि हम किसानों को तुरंत मुआवजा दे रहे हैं। जबकि विधानसभा में सरकार द्वारा दिए गए आंकड़ों के मुताबिक भारी बारिश और बाढ़ से खराब फसलों की मुआवजा राशि 5 महीने बाद गुरुवार को जारी की गई और वह भी आधी अधूरी जारी की गई। यह दिखाता है कि सरकार किसानों को लेकर कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा आंकड़े बताते हैं कि 1.4 लाख किसानों ने मुआवजा मांगा था, लेकिन सिर्फ 29,438 किसानों को केवल 31 करोड़ रुपए जारी किया गया। उन्होंने कहा कि लगभग 6.87 लाख एकड़ फसल खराब हुई, लेकिन सरकार ने अभी 99,039 एकड़ फसल ही खराब मानी है। इससे साबित होता है कि सरकार के किसान को मुआवजा देने के सारे दावे खोखले निकले। हरियाणा में किसानों के साथ लगातार धोखा हो रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान लगातार धरने प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।



## सरकार बजट को भी खर्च करने में नाकाम

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं है, इसलिए जनता से सीधे जुड़ाव वाले महकमों को भी अलॉट बजट भी पूरी तरह खर्च नहीं करने दिया जा रहा। ऐसे में जो अनुपूरक मांगें रखते हुए शीतकालीन सत्र में 11 हजार करोड़ का बजट और मांगा था, उसका तो कोई औचित्य ही नहीं बचता। पिछले वित्त वर्ष में भी 10 हजार करोड़ रुपये महकमों ने लैप्स कर दिए थे।



हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# सूर्य प्रणाम!

## सोलर मिशन

**126** दिन चला आदित्य एल-1 का सफर

**15** लाख किमी दूर सूर्य मिशन प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट-1 पर स्थापित

**05** साल तक करेगा सूर्य का अध्ययन खुलेंगे कई अहम राज

**02** सितंबर 2023 को लॉन्च किया था अभियान

## इसरो ने रचा इतिहास

**चंद्रमा के बाद अब सूरज मिशन भी कामयाब**

**पीएम की इसरो और वैज्ञानिकों को बधाई**

- सूर्य से जुड़ी अनकही और अनसुनी बातें भी बताएगा सूर्ययान
- सूर्य का अध्ययन कर डेटा पृथ्वी पर भेजेगा, वैज्ञानिक रिसर्च करेंगे
- आदित्य एल-1 के 7 उपकरण इसरो व राष्ट्रीय शोध प्रयोगशाला ने बनाएं
- ये सूरज की सतह, वायुममंडल व बाहरी परत का अध्ययन करेंगे

### यह करेगा आदित्य एल 1

- सूर्य के वातावरण का गहराई से पता नहीं चलता था। इसकी बाहरी परत कोरोना इतनी गर्म क्यों है और इसका तापमान कितना है, इसका पता नहीं है। लेकिन आदित्य के साथ गए उपकरण इस पर रोशनी डालेंगे।
- **वीईएलसी (कोरोनाग्राफ)**: यह टेलिस्कोप है, जो सूर्य के कोरोना पर 24 घंटे निगाह रखेगा और रोज 1,440 तस्वीरें भेजेगा।
- **सोलर अल्ट्रा वायलेट इमेजिंग टेलिस्कोप (एसयूआईटी)**: यह सूर्य के फोटोस्फेयर और क्रोमोस्फेयर की तस्वीरें लेगा।
- **सोलक्स और हेल-1ओएस**: सूर्य की एक्स-रे स्टडी करेगा।
- **एसपेक्स और प्लाज्मा एनालाइजर (पीएपीए)**: सौर हवाओं की स्टडी और इनकी एनर्जी को समझाएगा।
- **मैग्नेटोमीटर**: एल1 पॉइंट के आसपास चुंबकीय क्षेत्र को मापेगा।

### यह अपडेट देगा

- सूरज अपनी धरती के सबसे नजदीक का तारा है। इससे बहुत ज्यादा एनर्जी निकलती है। सौर लपटें भी उठती रहती हैं। इनकी लपटों की दिशा अगर धरती की तरफ हो जाए तो स्पेसक्राफ्ट, सैटलाइट व कम्युनिकेशन सिस्टम खराब हो सकते हैं। ऐसी और घटनाओं की आदित्य एल1 समय रहते सूचना देगा, जिससे नुकसान को कम किया जा सकता है।

## आदित्य एल-1 लैग्रेंज प्वाइंट-1 पर अपनी कक्षा में पहुंचा, जल्द भेजेगा सूर्य से जुड़ी जानकारियां

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** चांद पर उतरने के बाद भारत ने एक और इतिहास रच दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आदित्य एल-1 ने अपनी मंजिल लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) पर पहुंच कर नया कीर्तिमान हासिल किया है। इसके साथ ही आदित्य-एल 1 अंतिम कक्षा में स्थापित हो गया। यहां आदित्य पांच वर्षों तक सूर्य का अध्ययन करेगा और महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाएगा। भारत के इस पहले सूर्य अध्ययन अभियान को इसरो ने 2 सितंबर को लॉन्च किया था। यह भारत का पहला सूर्य का अध्ययन करने के लिए अंतरिक्ष आधारित मिशन है। इसरो का आदित्य-एल1 स्पेसक्राफ्ट 126 दिनों में 15 लाख किमी की दूरी तय करने के बाद 6 जनवरी को सन-अर्थ लैग्रेंज पॉइंट 1 पर पहुंचा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी आदित्य एल1 के हेलो ऑर्बिट में एंट्री करने की देशवासियों को बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट शेयर की है।




### यह भी जानें

- एल-1 बिंदु पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है।
- पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का केवल 1 फीसदी।
- दोनों पिंडों की कुल दूरी 14.96 करोड़ किलोमीटर है।

### क्या है एल-1 प्वाइंट

एल-1 प्वाइंट के आसपास के क्षेत्र को हेलो ऑर्बिट के रूप में जाना जाता है, जो सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के बीच मौजूद पांच स्थानों में से एक है, जहां दोनों पिंडों का गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के बीच साम्यता है। मोटे तौर पर ये वे स्थान हैं, जहां दोनों पिंडों की गुरुत्व शक्ति एक दूसरे के प्रति संतुलन बनाती है। पृथ्वी और सूर्य के बीच इन पांच स्थानों पर स्थिरता मिलती है, जिससे यहां मौजूद वस्तु सूर्य या पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में नहीं फंसती है।

### अब आगे क्या

सफल सौरमिशन के बाद इसरो आने वाले समय में आदित्य-एल1 कुछ और जरूरी कदम उठाएगा, जिससे उसमें लगे उपकरण ठीक से काम करने लगेंगे। इसके बाद वह लगातार सूरज का डेटा पृथ्वी पर भेज सकेगा। आदित्य एल-1 सूरज के बारे में ऐसी जानकारियां देगा जो अब तक नहीं जानते थे।

### खास इंजन का प्रयोग

आदित्य एल1 को अंजाम तक पहुंचाने के लिए अंतरिक्ष यान के अंदर लगे एक खास इंजन, 440एन लिक्विड अपोजी मोटर (एलएएम) का इस्तेमाल किया गया। यह इंजन उसी तरह का है जैसा इसरो ने अपने मंगल मिशन (एमओएम) में इस्तेमाल किया था। यह छोटा लेकिन शक्तिशाली इंजन भविष्य में भी आदित्य-एल1 के लिए बहुत मददगार होगा। आठ 22एन थ्रस्टर्स और चार 10एन थ्रस्टर्स के साथ मिलकर, यह इंजन अंतरिक्ष यान को सही दिशा में रखने और कक्षा में बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पीएम बोले-इसरो ने हासिल किया मील का एक और पत्थर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बड़ी कामयाबी के लिए देश को बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंची। यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

---

## खबर संक्षेप

### नीट-पीजी परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में संभव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातकोत्तर परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में और काउंसलिंग अगस्त के पहले सप्ताह में आयोजित होने की संभावना है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि नेशनल एग्जिट टेस्ट (एनईएक्सटी) इस साल आयोजित नहीं किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, नीट-पीजी परीक्षा जुलाई के पहले सप्ताह में जबकि काउंसलिंग अगस्त के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। भाषा

### बांग्लादेश में आज मतदान हसीना का जीतना तय

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए रविवार को मतदान होगा, जिसमें मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अनुपस्थिति के कारण पीएम शेख हसीना के लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है और 'अवैध सरकार' के खिलाफ 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया। चुनाव आयोग ने कहा, 300 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। (विस्तृत पेज-8 पर)

### असम में रामकृष्ण विद्यापीठ में 35 स्टूडेंट्स बेहोश

**करीमगंज।** असम के करीमगंज में रामकृष्ण विद्यापीठ में गुणोत्सव कार्यक्रम के दौरान 35 छात्र बेहोश हो गए। छात्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अधिकारी के मुताबिक, अचानक बेहोश होने का कारण पहली नजर में यह पता चला कि छात्र खाली पेट थे। जांच के लिए मेडिकल टीम और मजिस्ट्रेट पहुंच गए थे। बेहोश हुए छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीमगंज के जिला आयुक्त मृदुल यादव ने कहा, आज, हमने गुणोत्सव बंद कर दिया है। एजेंसी

### एक देश, एक चुनाव समिति ने लोगों से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के नेतृत्व में बनाई गई समिति 'एक देश, एक चुनाव' पर आम लोगों से राय मांगी है। समिति ने इसके लिए सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। इसमें 15 जनवरी तक सुझाव मांगे गए हैं। समिति ने कहा कि आम लोग अपनी राय समिति की वेबसाइट onoe.gov.in पर पोस्ट कर सकते हैं, या फिर sc-hlc@gov.in पर ईमेल से भी सुझाव दिए जा सकते हैं। एजेंसी

---

## दिल्ली में लॉरेंस गैंग का शार्प शूटर प्रदीप पकड़ा

इंस्टाग्राम रील्स देख राणा के संपर्क में आया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गैंगस्टर लॉरेंस और उसके सिंडिकेट मेंबर काला राणा के शार्प शूटर प्रदीप सिंह को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे रोहिणी इलाके में सेक्टर-23 से 2 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और 9 कारतूस बरामद किए गए हैं। स्पेशल सेल के कमिश्नर एचजीएस धालीवाल ने बताया कि प्रदीप मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। उसकी उम्र 18 साल है। वह 2022 से गुरुग्राम में अपने किसी दोस्त के पास रह रहा है। वह इंस्टाग्राम पर गैंगस्टर वीरेंद्र प्रताप उर्फ काला राणा की रील्स देखता था।




दिल्ली में क्राइम का जिम्मा सौंपा गया था

आरोपित ये ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद, उत्तराखंड का रहने वाला है प्रदीप सिंह

### गैंगस्टर काला से प्रभावित

प्रदीप गैंगस्टर काला राणा से प्रभावित हो गया। अगस्त 2023 में प्रदीप ने फॉलो कर उसे मैसेज कर कहा कि उसे गैंग में शामिल होना है। इसके बाद 2023 में प्रदीप का काला राणा गैंग के ही भानु राणा से सिग्नल एप के जरिए संपर्क हुआ। भानु राणा हरियाणा के करनाल का रहने वाला है। उसे दिल्ली में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का काम सौंपा गया है। प्रदीप गैंगस्टर लॉरेंस और उसके सिंडिकेट मेंबर काला राणा के साथ जुड़ा हुआ था। प्रदीप ने बताया कि 30 दिसंबर 2023 को भानु राणा ने उसे अगले 7-8 दिनों में कुछ अन्य लोगों के साथ दिल्ली में क्राइम करने का जिम्मा सौंपा था। भानु ने उसे यह भी बताया कि कुछ और लोग उससे दिल्ली में मिलेंगे।

---

**पहलवान यौन उत्पीड़न केस**

## बृजभूषण सिंह पर आरोप तय करने का आग्रह



**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यहां की एक अदालत से महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा के सांसद और डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आग्रह किया। पुलिस ने आरोपी की इस दलील का विरोध किया कि चूंकि कुछ कथित घटनाएं विदेशों में हुईं, इसलिए वे दिल्ली की अदालतों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आतीं। पुलिस ने इसी के साथ सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर बहस पूरी कर ली। पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत के समक्ष तर्क दिया कि सिंह द्वारा विदेशों और दिल्ली सहित भारत के अंदर की गई यौन उत्पीड़न की घटनाएं उसी अपराध का हिस्सा हैं। पुलिस ने न्यायाधीश से कहा, 'सुनवाई का क्षेत्राधिकार दिल्ली की अदालत को है।

---

## रामलला के लिए ससुराल से आए 5,000 उपहार

मिथिला से 500 लोग पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले भगवान राम के ससुराल मिथिला से 500 लोग 5000 उपहार लेकर अयोध्या पहुंचे हैं। उपहार टोकरियों और हंडियों में हैं। इनमें वस्त्र, फल, मेवा, पकवान, चांदी के खड़ाऊं और आभूषण शामिल हैं। 36 गाड़ियों से 4 जनवरी को ये लोग मिथिला के जनकपुर से अयोध्या के लिए निकले थे। यात्रा की अगुआई जानकी मंदिर के महंत रामतपेश्वर दास कर रहे थे। यात्रा पश्चिम चंपारण, कुशीनगर, गोरखपुर होते हुए शनिवार दोपहर अयोध्या के कारसेवकपुरम पहुंची। इन लोगों ने 2 दिन में कुल 450 किलोमीटर की दूरी तय की।

### इनमें चांदी के खड़ाऊं-जेवरात शामिल

#### अयोध्या में भव्य स्वागत

अयोध्या में महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने इन लोगों का स्वागत किया। इसके बाद रामतपेश्वर दास ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को उपहार सौंपे। इसके अलावा महाराष्ट्र के कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे और मंत्री उदय सावंत ने चंपत राय को मंदिर निर्माण के लिए 11 करोड़ का चेक भी सौंपा।



#### जनकपुर की परिपाटी के तहत उपहार

महंत रामतपेश्वर दास ने बताया, 'उपहार में से 2000 टोकरी अन्य मंदिरों में विराजमान भगवान सीताराम को भोग के लिए अर्पित जाएंगी। इसके बाद यात्रा जनकपुर लौट जाएगी। उपहार जनकपुर की परंपरा के अनुसार अयोध्या लाए गए हैं। वहां परंपरा है कि बेटी की गृहस्थी बसाने के लिए मायके से नेग भेजा जाता है। इस प्राचीन परंपरा का पालन किया गया है।

---

**प्रदूषण पर एनजीटी सख्त**

## रंगाई यूनिट की जांच के लिए बनाई गई संयुक्त कमेटी


**बहादुरगढ़(हरिभूमि न्यूज)।** प्रदूषण बढ़ाने की आरोपित डाई यूनिट्स की जांच के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने एक संयुक्त कमेटी गठित की है। इस कमेटी में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानद सचिव, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानद सचिव के अलावा फरीदाबाद, सोनीपत, झज्जर और गुरुग्राम के जिलाधीशों को सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी 3 महीने में जांच करने के उपरांत 5 अप्रैल 2024 को अगली सुनवाई से पहले एनजीटी के समक्ष अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। दरअसल, दिल्ली के पर्यावरणविद् वरुण गुलाटी ने एनजीटी में एक शिकायत दर्ज की थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि पांच सौ से अधिक रंगाई इकाइयां एनसीआर के आवासीय और अनियमित क्षेत्रों में संचालित होती हैं।

सीपीसीबी, एचपीसीबी के मानद सचिवों के साथ फरीदाबाद, सोनीपत, झज्जर और गुरुग्राम के जिलाधीश होंगे सदस्य

---

## अमेरिका में 177 यात्रियों को लेकर उड़ रहे विमान का दरवाजा उखड़ा

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** अमेरिका में अलास्का एयरलाइंस की बोइंग 737-9 मैक्स फ्लाइट के साथ शनिवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पोर्टलैंड से कैलिफोर्निया के ओंटारियो जा रहा प्लेन टेकऑफ के बाद जब 16.32 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचा, तो विमान का दरवाजा टूटकर हवा में उड़ गया। यह प्लेन का इमरजेंसी एग्जिट डोर था। दरवाजा उखड़ने से बगल की सीट पर बैठे बच्चे की शर्ट फट गई। वहीं, कुछ पैसेंजर के फोन भी हवा में उड़ गए। हालांकि बच्चे की मां ने उसे प्लेन से बाहर गिरने से बचा लिया। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरलाइंस ने इस घटना के बाद बोइंग 737-9 के सभी विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है।



अलास्का एयरलाइंस ने विमान की खिड़की टूटी

16000 फीट की ऊंचाई पर प्रेशर घटा, ऑक्सीजन मास्क खुले

बोइंग 737-9 विमानों के परिचालन पर रोक लगी

### पायलट ने इमरजेंसी की घोषणा की

एक रिपोर्ट के मुताबिक, दरवाजे के अलग होते ही विमान के पायलट ने इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी। ऑडियो रिकॉर्डिंग्स में पायलट एयर ट्रैफिक कंट्रोल से लैंडिंग की बात कहते सुनाई देता है। पायलट ने कहा-अलास्का 1282 में इमरजेंसी है। हम पोर्टलैंड लौट रहे हैं। अब हम 12 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गए हैं। हमें डायवर्ट होने की जरूरत है। प्लेन में इमरजेंसी है और यहां 177 लोग मौजूद हैं। हम तुरंत लैंडिंग करना चाहते हैं।

---

## ईडी की चार्जशीट में दावा, बघेल को दिए गए थे 508 करोड़ रुपये

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान भूपेश बघेल को महादेव सट्टा एप प्रमोटर्स की तरफ से 508 करोड़ रुपये दिए गए थे। ईडी की चार्जशीट में यह खुलासा हुआ है। मामले में आरोपित असीम दास के बयान के मुताबिक महादेव एप के एक प्रमोटर शुभम सोनी ने उसे कैश पहुंचाने का काम सौंपा था। इस पूर्व सीएम ने कहा कि, ईडी राजनीतिक आकाओं के इशारे पर साजिश कर रही है। ईडी के मुताबिक मामले में एक और राजदार मिला है, जिससे कई और खुलासे हो सकते हैं। ये राजदार नेताओं और अफसरों तक पहुंचने वाले पैसों का हिसाब-किताब रखता था। इसी के बयान के बाद ही शुभम सोनी को महादेव ऐप का तीसरा संचालक मानते हुए प्रथम अभियोजन परिवाद में आरोपी बनाया गया है। ईडी कभी भी कोर्ट में इसे पेश कर सकती है।



महादेव एप के प्रमोटर्स ने भेजी थी रकम

भूपेश बोले, ये राजनीतिक साजिश का हिस्सा

### यह भी खुलासा

पूछताछ में पता चला कि असीम दास को 25 अक्टूबर, 2023 को शुभम सोनी ने दुबई बुलाया था। भूपेश बघेल तक रुपए पहुंचाने के लिए उसे नगदी उपलब्ध कराई गई। दास के फोन से बरामद एक वॉयस मैसेज से ये दावा किया गया है। आरोप पत्र में शुभम सोनी, अनिल कुमार अग्रवाल उर्फ अतुल अग्रवाल, रोहित गुलाटी, भीम सिंह यादव और असीम दास सहित कई अन्य आरोपी व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। मामले की पेशी 10 जनवरी को होगी।

---

**राशन घोटाला**

## टीएमसी नेता शाहजहां के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले में छापेमारी करने गई ईडी और सीआरपीएफ की टीम पर भीड़ ने हमला किया था। ईडी ने अब इस मामले में टीएमसी नेता शेख शाहजहां के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। मामले में एक अन्य आरोपी टीएमसी नेता शंकर अध्य को जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने शनिवार को बयान जारी कर बताया-ऐसी आशंका है कि शेख शाहजहां 5 जनवरी को हुई घटना के बाद देश छोड़कर भाग सकता है। हमने टीएमसी नेता के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है और सभी एयरपोर्ट को अलर्ट कर दिया है। पश्चिम बंगाल में कोरोना के दौरान कथित तौर पर हुए हजारों करोड़ रुपये के राशन घोटाले में ईडी ने 5 जनवरी को राज्य में 15 ठिकानों पर छापा मारा था। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ ने उनके मोबाइल फोन, लैपटॉप, कैश और वॉलेट (पर्स) भी छीन लिए। इसके अलावा उनके वाहनों को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था।



छापा मारने गई ईडी की टीम पर समर्थकों ने किया था हमला

---

**निर्देश** सरकार ने कंपनियों से कहा, डब्ल्यूएचओ के मानकों के हिसाब से करें टेस्ट

*केंद्र की अधिसूचना जारी, इसी साल से लागू होंगे नियम*

## खराब दवाएं वापस बुलाने पर ड्रग्स अथॉरिटी को बताना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए नई गाइडलाइ की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत कंपनियां अगर किसी खराब दवा को वापस बुलाती हैं, तो उन्हें लाइसेंसिंग अथॉरिटी को इसकी जानकारी देनी होगी। साथ ही प्रोडक्ट के डिफेक्ट, खराब गुणवत्ता या गलत प्रोडक्शन के बारे में भी बताना होगा। सरकार ने 28 दिसंबर को नोटिफिकेशन जारी करके कंपनियों को ये निर्देश दिया है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के शेड्यूल एम के तहत फार्मास्युटिकल कंपनी के लिए गुड मैन्युफेक्चरिंग प्रैक्टिस बताई गई हैं। नए नोटिफिकेशन में सरकार ने इस शेड्यूल एम में नई गाइडलाइन्स जोड़ी हैं। दरअसल, 2022 में भारत में बनी दवाओं से विदेश में कई लोगों की जान गई थी। इसके चलते केंद्र सरकार ने फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की स्क्रूटनी बढ़ाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्टी 50 अरब डॉलर की है। देश की 50 अरब डॉलर की फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की छवि सुधारने के लिए सरकार ने ये कदम उठाया है।

### मौसम के अनुसार हो टेस्टिंग

नई गाइडलाइन्स में इस बात पर स्ट्रेस दिया गया है छोटी कंपनियों को ग्लोबल स्टैंडर्ड पर लाने के लिए यहां बनने वाली दवाओं की टेस्टिंग भी दुनियाभर के मौसम के मुताबिक होनी चाहिए। ये भी कहा गया है कि कंपनियों को ऐसी क्वालिटी की दवाएं बनानी चाहिए जो दुनियाभर में मंजूर हो। साथ ही तैयार प्रोडक्ट को तभी बाजार में उतारा जाना चाहिए, जब इन सभी टेस्ट में संतोषजनक नतीजे निकले हों।



### जांच में खरी नहीं उतरी कई कंपनियां

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अगस्त में कहा था कि दिसंबर 2022 से 162 ड्रग फैक्ट्रियों के इंस्पेक्शन में ये पाया गया था कि कच्चे माल की टेस्टिंग नहीं की जा रही थी। भारत की 8,500 छोटी ड्रग फैक्ट्रियों में से एक-चौथाई से भी कम वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के तय किए गए इंटरनेशनल ड्रग मैन्युफैक्चरिंग स्टैंडर्ड पर खरी उतरी थीं।

### क्वालिटी के लिए फार्मा कंपनियां जिम्मेदार

नोटिफिकेशन में सरकार ने लिखा है कि मैन्युफक्चरर को अपने फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट की क्वालिटी के लिए जिम्मेदारी लेनी होगी, ताकि ये तय किया जा सके कि वे जरूरी इस्तेमाल के लिए फिट हैं, लाइसेंस के लिए जिन चीजों की जरूरत होती है, उनका पालन किया गया है। ये भी मैन्युफैक्चरर की ही जिम्मेदारी होगी कि उनका प्रोडक्ट सेफ्टी या क्वालिटी में कमी के कारण पेशेंट की जिंदगी खतरे में तो नहीं डालता।

## खबर संक्षेप

### एसएससी सीपीओ के प्रवेश पत्र जारी

**नारनौल।** परीक्षाओं के दौर में एसएससी सीपीओ ने भी परीक्षा तिथि निर्धारित करके प्रवेश पत्र जारी कर दिए है। एसएससी की ओर से जारी सूचना में जो विद्यार्थी प्री परीक्षा में सफल हुए है, उनकी मेन परीक्षा आठ जनवरी को आयोजित करवाई जाएगी। एसएससी सीपीओ के 1876 पदों के लिए प्री परीक्षा परिणाम की घोषणा 20 दिसंबर को हुई थी।

### ई रिक्शा चालक पर डंडों से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी के प्रकाश चौक के पास करीब दर्जन भर युवकों ने रिक्शा चालक पर डंडों से हमला कर दिया। जिससे रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नशा तस्कर को दस साल की कैद और जुर्माना

**सिरसा।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अशोक कुमार की अदालत ने शनिवार को मादक पदार्थ अधिनियम के तहत नामजद आरोपी को दोषी पाए जाने पर 10 साल की कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना राशि अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। मामले के अनुसार बडागुढ़ा पुलिस ने 1 अगस्त 2020 को संदीप सिंह उर्फ बब्बू पुत्र बलबीर सिंह निवासी मल्लेवाला के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने अदालत में चालान पेश कर दिया।

### नागपुर पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर रतिया के अंर्तगत आने वाली नागपुर पुलिस चौकी की टीम एएसआई गुरपाल सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव खूनन से भडोलांवाली की तरफ जा रही थी। रास्ते में ढाणी खूनन की तरफ से एक युवक आते दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और एकदमगेहूं के खेत की तरफ भागने लगा।

## राजस्थान-गुजरात में हत्या व लूट की कई वारदातों में शामिल

# आंनदपाल गैंग के शार्प शूटर दातार सिंह रेवाड़ी में गिरफ्तार

- पुलिस ने कार को घेरकर धर दबोचा, तीनों आरोपियों में से दो हीस्ट्रीशीटर
- स्विफ्ट कार लेकर साथी से मिलने आया था, दो पिस्टल और 11 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सीआईए की गिरफ्त में आरोपी। फोटो: हरिभूमि

सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने ढाकिया में एक स्विफ्ट कार से दो देसी पिस्तौल और 11 कारतूस के साथ तीन आरोपियों के गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में से दो हीस्ट्रीशीटर हैं, जिनमें एक के खिलाफ राजस्थान के कई थानों में हत्या व लूट जैसे मामले दर्ज हैं। एक आरोपी राजस्थान की आनंदपाल गैंग का सदस्य है, जो अभी पैरोल पर बाहर आया हुआ था।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ढाकिया निवासी गजेंद्र उर्फ गज्जी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। उससे मिलने के लिए दो लोग कार लेकर आए हुए हैं। उनके पास हथियार हो सकते हैं। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम ढाकिया बस स्टैंड पर पहुंची तो वहां एक स्विफ्ट कार खड़ी हुई थी। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम ने मौके पर जाकर गाड़ी को घेर लिया। गाड़ी में गजेंद्र उर्फ गज्जी, राजस्थान के पावटा निवासी दातार सिंह व जयपुर के बनिपार्क निवासी देवी सिंह बैठे हुए थे। पुलिस ने तीनों को काबू करने के बाद तलाशी ली तो दातार की जेब से एक पिस्तौत मिला। पिस्तौल के चेंबर में एक और मैगजीन में 2 कारतूस मिले। देवी सिंह की जेब से भी एक देसी पिस्टल बरामद हुआ, जिसके चेंबर में एक और मैगजीन में दो कारतूस मिले। गजेंद्र सिंह की जेब से 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। सीआईए की टीम ने तीनों को मौके पर ही काबू करते हुए उनके खिलाफ धारूहेड़ा पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करा दिया। आरोपियों की स्विफ्ट कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### दातार पर तेरह मामले चल रहे

पुलिस के अनुसार दातार राजस्थान की आनंदपाल गैंग का गुर्गा है। उस पर राजस्थान के कई थानों में हत्या व लूट के 14 केस दर्ज हैं। वह इस समय पैरोल पर बाहर आया हुआ था। गजेंद्र उर्फ गज्जी के खिलाफ राजस्थान के कोटपुतली व शाहपुरा में लूट व लूट के प्रयास के केस दर्ज हैं। देवी सिंह रेप के मामले में जेल में बंद था, जहां उसकी मुलाकात दातार से हुई थी। वह केस से बरी होने के बाद रिहा होकर उसके साथ मिलकर आपराधिक वारदातों में शामिल होने की तैयारी में था।

# 86 लाख की नकदी के साथ युवक काबू

**ट्रैवल एजेंट की बताई जा रही नकदी, पुलिस ने आयकर विभाग व ईडी को लिखा जांच के लिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे-44 पर भिगान टोल प्लाजा पर चेकिंग के दौरान शक होने पर कार सवार युवक को 86 लाख रुपये की नकदी सहित पकड़ा है। चालक नकदी व कार को लेकर कोई कागजात पेश नहीं कर सका। पुलिस ने उसके खिलाफ सीआरपीसी की धारा 102 के तहत कार्रवाई की है। चालक की पहचान कुरुक्षेत्र के गांव हरिगढ़ भोरख निवासी साहिल के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच के लिए आयकर विभाग व प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लिखा है। बताया जा रहा है कि नकदी किसी ट्रेवल एजेंट की है। चालक नकदी को दिल्ली से कुरुक्षेत्र लेकर जा रहा था। मुरथल थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम भिगान टोल प्लाजा पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एएसआई वेदवीर ने नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार को रुकवाया। पुलिस को देखकर कार का चालक अचानक घबरा गया। जिससे पुलिस को उस पर शक हो गया। पुलिस ने कार चालक की पहचान पूछी तो उसने अपनी पहचान साहिल के रूप में दी। तलाशी लेने की बात कही। पुलिस ने तलाशी तो दो बैग में से 500-500 रुपये की कुल 170 गड्डी, 200-200 की तीन गड्डी व 100-100 की तीन गड्डी व 20 नोट 500 रुपये के अन्य नकद मिले। कार से कुल 86 लाख रुपये बरामद हुए।



भिगान टोल पर जांच करते पुलिस कर्मी।

### नारनौलः पुलिस साइबर सेल ने लाखों रुपये की कीमत के 29 मोबाइल लौटाए

**नारनौल।** पुलिस की साइबर सेल टीम ने दिसंबर महीने में लाखों रुपये की कीमत के 29 गुम मोबाइल ढूंढ कर मालिकों को लौटाए है। यह मोबाइल फोन एएसपी प्रबिना पि ने मालिकों को सौंपे। एएसपी ने कहा कि अपने मोबाइल फोन का ध्यान रखें और गुम होने पर तुरंत शिकायत दर्ज करवाए, ताकि उनके फोन का गलत इस्तेमाल ना हो सकें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में का साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रहा है, वहीं जिला की साइबर सेल पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर माह दिसंबर 2023 में आमजन के गुम हुए करीब पांच लाख रुपये कीमत के 29 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को उक्त मोबाइल फोन मालिकों को कार्यालय में बुलाकर एएसपी प्रबिना पि ने सौंपे। इस अवसर पर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा की। एएसपी ने कहा कि पुलिस की साइबर सैल का यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि फोन मालिकों को उनके मोबाइल फोन मिलने की खुशी है, वहीं उनके मोबाइल फोन अपराधी किस्म के लोगों के हत्थे चढ़ने से भी बचे हैं।

### दंपति को झांसा देकर ठग लिए सोने-चांदी के गहने

**गोहाना।** गंगाणा गांव में अपने खेत से घर आ रहे किसान दंपती को एक गाड़ी चालक ने झांसे में ले लिया। चालक ने पहले उनसे आगे जाने का रास्ता पूछा और उसके बाद उनकी सोने और चांदी की दो अंगूठी और महिला के कानों की बाली निकलवाकर उन्हें चकमा देकर भाग गया। किसान ने इसकी शिकायत बरोदा थाना में दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।


**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Ashish Kumar Sharma, Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Pradeep S/o Shardanand
Vs.
General Public
CNR No. HRJR02-001626-2023
GW/18/2023
Next Date:- 28-02-2024
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public
Haryana
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 28-02-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Ashish Kumar Sharma
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 05-01-2024

**COURT NOTICE**
**(U/s 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Indu Bala, Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Suresh S/o Sher Singh
Vs.
Chanderpal S/o Hari Singh
CNR No. HRJR02-001301-2023
Next Date:-30-01-2024
PUBLICATION ISSUED TO:
4. Asha Rani D/o Lakhi Ram S/o Lokram R/o Village Mundsa Tehsil Matanhail District Jhajjar at present R/o SBS Complex, Chamber No. 159, District Courts, Gurugram Tehsil and District Gurugram.
5. Rekha D/o Lakhi Ram S/o Lokram
12. Jai Singh S/o Lakhi Ram S/o Lokram
13. Jagbahadur S/o Lakhi Ram S/o Lokram all R/o Village Mundsa Tehsil Matanhail District Jhajjar.
In above utled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 30-01-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=districtnotice&district=Jhajjar*
Sd/- (Indu Bala) Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 04.01.2024

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Sonia Sheokand, Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
JAGMANDRI DEVI
Vs.
GENERAL PUBLIC
CNR No. HRSOA0-000753-2023
CIS/Case No. CS/555/2023
Next Date:- 12-02-2024
It is prayed that a decree for declaration regarding the death of the said Ishwar Singh may kindly be passed in favour of the plaintiff (Jagmandri Devi aged 55 years wife of Sh. Ishwar Singh, Vill. Lalheri Kalan, Teh. Ganaur, Distt. Sonepat) and against the defendant in the interest of justice.
PUBLICATION ISSUED TO:
General Public
Vill. Lalheri Kalan, Teh. Ganaur, Distt. Sonepat, Haryana
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 12-02-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
Dated, this day of 05-01-2024


## टैंकर सील, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने की कार्रवाई

# सीएम फ्लाइंग की पेट्रोल पंप पर रेड बायोडीजल से भरा टैंकर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। पेट्रोल पंप पर कार्रवाई करती सीएम फ्लाइंग टीम।

दिल्ली-जयपुर उनएच-48 पर शनिवार दोपहर सीएम फ्लाइंग ने एक पेट्रोल पंप पर रेड की। इस पेट्रोल पंप पर बायोडीजल से भरा हुआ टैंकर बरामद हुआ, जिसमें करीब 35 लाख रुपये का बायोडीजल भरा हुआ था। टैंकर को सील करने के बाद सीएम फ्लाइंग ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में फ्लाइंग टीम भूडला के पास पवन ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप पर पहुंची तो वहां एक टैंकर खड़ा हुआ था। टैंकर में चालक पंजाब के दरियामूसा निवासी मोहन सिंह था। जब सीएम फ्लाइंग ने टैंकर में भरे तेल के कागजात पेश करने को कहा तो उसने बायोडीजल होने की जानकारी मिली। फ्लाइंग टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तेल के सैंपल लिए। टैंकर में करीब 48 हजार लीटर डीजल भरा हुआ था, जिसकी कीमत 34.73 लाख रुपये है। यह टैंकर से दिल्ली के पंजाबी बाग की एक ट्रांसपोर्ट से रवाना हुआ था।

## फतेहाबाद में बड़ा हादसा

# लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, दबने से दो मजदूरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव गिलांखेड़ा के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत होने का समाचार है। दोनों मृतक सिरसा के रहने वाले हैं और रतिया से ट्रैक्टर पर वापस सिरसा जा रहे थे कि रास्ते में ट्रैक्टर पलटने से दोनों उसके नीचे दब गए। हादसे की सूना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार सिरसा के थेहड़ मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय बलबीर व 50 वर्षीय राजू लकड़ी दोनों आरे पर मजदूरी का काम करते थे। बताया जाता है कि शुक्रवार को दोनों रतिया क्षेत्र में लकड़ी के गुटके भरने के लिए आए थे और रात को ट्राली में गुटके लोड कर वापस सिरसा की तरफ जा रहे थे। ट्रैक्टर बलबीर सिंह चला रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह गांव दरियापुर और गिल्लाखेड़ा के बीच पहुंचे तो ट्रैक्टर के आगे अचानक कोई जानवर आ गया। इस पर बलबीर सिंह ने अचानक ट्रैक्टर के ब्रेक लगा दिए जिससे ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे दोनों ट्रैक्टर के नीचे दब गए।



फतेहाबाद। गांव गिलांखेड़ा के पास पलटा ट्रैक्टर-ट्राली।

## विज के समक्ष पहुंचा कबूतरबाजी का मामला

# जर्मनी भेजने के नाम पर कई देशों में घुमाया, एसआईटी को जांच के निर्देश

- आयकर विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कैथल के एक युवक से एजेंटों ने उसे जर्मनी वर्क वीजा पर भेजने के नाम पर उससे छह लाख रुपए की ठगी की। उसने बताया कि पहले एजेंटों ने उसे जर्मनी भेजने का झांसा देकर रूस भेज दिया। वहां कुछ दिन रहने के बाद आगे भेजने के बजाए वापस भारत आने को कहा गया। इसके बाद एजेंटों ने उसे श्रीलंका के रास्ते दुबई भेजा और झांसा दिया कि आगे जर्मनी जल्द भेजा जाएगा। दुबई में कुछ माह रहने के बाद उसे कजाकिस्तान भेजा गया। यहां पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने बीते वर्ष जुलाई माह में डिपोर्ट करते हुए नई दल्लिी की फ्लाइट पर बिठा दिया। देश में आकर उसने एजेंटों से पैसे वापस मांगे तो उसे धमकियां दी गई। युवक ने अब गृहमंत्री अनिल विज को मामले से अवगत करवाया है। इसी तरह, कबूतरबाजी के एक अन्य मामले में एसआईटी को जांच के निर्देश दिए है। विज अपने निवास पर शिकायतें सुन रहे थे।



अंबाला। गृहमंत्री अनिल विज के आवास पर लगी लोगों की भीड़।

### चोरों से सात चोरीशुदा बाइक बरामद

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने दो बाइक चोरों को काबू कर उनके कब्जे से सात चोरीशुदा बाइक बरामद की है। आरोपितों ने बाइकों को शहर में भीड़भाड़ वाले इलाकों से चोरी किया था। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। शहर मे बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों को लेकर एसपी सुमित कुमार ने बाइक चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए डिटेक्टिव स्टाफ को लगाया हुआ था।


### साइबर ठगों ने 2.25 लाख रुपये हड़पे

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने ज्यदा लाभ कमाने का लालच देकर मॉडल टाउन निवासी स्मृति कुमारी से दो लाख 25 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। स्मृति कुमारी ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 23 जून 2023 को वह अपने मोबाइल पर ऐड देख रही थी। जब उसने ऐड पर क्लिक किया तो उसके पास एक मैसेज आया।


**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### जींद विधायक का नाम ले सीएससी संचालकों से मांगे पैसे, केस

**जींद।** जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के नाम से शहर के सीएससी संचालकों से मोबाइल पर रुपयों की डिमांड की जा रही है। इसके लिए फर्जी नंबरों का प्रयोग किया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने पर विधायक द्वारा झांझ गेट चौकी पुलिस को मामले की शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका नाम लेकर मोबाइल नंबर 7901754547, 7523842434 से जींद के सीएससी संचालकों से रुपये मांगे जा रहे हैं। फोन करने वाला कह रहा है कि मैं मिड्ढा बोल रहा हूं। मेरे किसी रिलेटिव की विश्वविद्यालय फीस 27643 रुपये भर दो और पैसे मेरे ऑफिस से आकर ले जाओ। जबकि यह कॉल न तो उनके द्वारा की गई है और न ही उनके कार्यालय से किसी ने की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## व्यक्ति की मृत्यु के बाद बीमा कंपनी का क्लेम देने से इंकार

# कंज्यूमर फोरम ने लगाया 50 हजार जुर्माना

- फाइनेंस कंपनी को होम लोन के 10 लाख अदा करेगी बीमा कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीमा धारक की मृत्यु होने के बाद बीमा कंपनी की ओर से हाउसिंग लोन की बकाया राशि अदा न करने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने कंपनी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि के साथ ही फाइनेंस कंपनी को बीमा कंपनी के बकाया लोन की राशि 10 लाख रुपए की अदायगी भी करनी होगी।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने अपने फैसले में बीमा कंपनी को आदेश दिए हैं कि फाइनेंस कंपनी बीमा धारक की मृत्यु के बाद भी बकाया राशि अदा करेगी। धारूहेड़ा के आजाद नगर निवासी सुगना देवी के पति ने अपने जीवन काल में आवास फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी से मकान के लिए 28 अप्रैल 2022 को 10 लाख रुपए का लोन लिया था। इस लोन को भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की ओर से इंश्योर्ड कराया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से तय किया गया था कि यदि बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है,तो उस स्थिति में लोन की बकाया राशि की अदायगी बीमा कंपनी की ओर से की जाएगी। लोन की अदायगी नियमित रूप से की जा रही थी, लेकिन दुर्भाग्यवश 14 अप्रैल 2023 को सुगना देवी के पति भंवर सिंह की मृत्यु हो गई। इसके पश्चात सुगना देवी ने बीमा कंपनी को सूचित कर दिया कि बकाया लोन की राशि फाइनेंस कंपनी को बीमा कंपनी की ओर से दी जानी है, जिसके लिए जरूरी औपचारिकताएं भी पूरी की गई, लेकिन बीमा कंपनी ने यह क्लेम रद कर दिया। कंपनी ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता के पति को डायबिटीज थी और इसका बीमा करते समय नहीं किया गया था। बीमा कंपनी की ओर से क्लेम रद करने पर शिकायतकर्ता ने पभोक्ता आयोग में अपील दायर की थी।

### कबाड़ में आग लगाकर प्रदूषण फैलाया, नप ने ठोका जुर्माना

- उपायुक्त के निर्देश पर नगर परिषद ने की कार्रवाई

**चरखी दादरी।** नगर परिषद ने कबाड़ी मार्केट में कबाड़ का सामना जलाकर प्रदूषण फैलाने के दोषी को जुमार्ना लगाने का नोटिस थमा दिया है। दोषी पर एक हजार से लेकर पांच हजार रुपये तक का जुर्माना किया जा ए गा। डीसी मनदीप कौर के निर्देश पर नप की ओर से यह कार्यवाही की गई है। इस बारे में उपायुक्त का कहना है कि कुछ ही दिन पहले लोगों से अपील की गई थी कि अगर कोई व्यक्ति शहर की आबो हवा को खराब करता है, गंदगी फैलाता है या कूडा फेंकता है तो उसकी सूचना नगर परिषद को दें। सूचना मिलने पर दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। ऐसे ही शनिवार को उन्हें किसी नागरिक ने वीडियो भेजकर कबाड़ में आग लगाने की सूचना दी, जिसमें आग से कल धुआं साफ दिख रहा था। इस पर उन्होंने नगर परिषद को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।


**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5387



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5386 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | | | क | मी | ज | |
| रा | ल | | न | | श | प | थ | | मा | मा |
| म | | | ध | नि | क | | न | | | लि |
| दे | ह | दा | न | | | अ | | ल | ल | क |
| ह | | खि | | बे | शु | मा | र | | ह | |
| | सा | ल | | ल | | न | | सु | र | |
| | हि | | ब | गा | व | त | | र | | हा |
| ज | ल | न | | म | | | अ | भि | मा | नि |
| ग | | | चु | | रा | ज | न | | | का |
| त | र | | ना | ह | क | | ब | | चा | र |
| | ब | हा | व | | | म | न | मो | ह | क |

## सूडोकु नवताल- 5397

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5396 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |



# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 3-0 से रौंदा
# वार्नर का अपने आखिरी मैच में अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| सिडनी

डेविड वार्नर ने अपने घरेलू मैदान पर 57 रन बनाकर 112 टेस्ट मैच के अपने कॅरियर का अंत किया। आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके इस दिग्गज सलामी बल्लेबाज को शानदार विदाई दी। ऑस्ट्रेलिया जब लक्ष्य से केवल 11 रन दूर था तब वार्नर को साजिद खान ने पगबाधा आउट किया। जब वह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड से पवेलियन की तरफ बढ़ रहे थे तब दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में वह आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज थे। साजिद ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी पगबाधा आउट किया था। ख्वाजा खाता भी नहीं खोल पाए।




## वॉर्नर ने जड़ा 37वां अर्धशतक

डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट कॅरियर के आखिरी मैच में कॅरियर का 37वां अर्धशतक जमाया। वह 57 रन की पारी खेलकर साजिद खान की गेंद पर एलबीडब्लू आउट हुए। वॉर्नर जब आखिरी टेस्ट पारी खेलने के लिए मैदान पर उतरे तो पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सभी प्लेयर्स ने उनके सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं।

## वार्नर की उपलब्धि

| | टेस्ट | वनडे |
|---|---|---|
| मैच | 112 | 161 |
| पारी | 205 | 159 |
| रन | 8786 | 6932 |
| औसत | 44.6 | 4530 |
| उच्च. स्कोर | 335* | 179 |
| शतक | 26 | 22 |
| अर्धशतक | 37 | 33 |



## पाक की लगातार 17वीं हार

ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। टीम ने यहां लगातार 17वां टेस्ट मैच गंवा दिया। उन्हें आखिरी बार 1995 में ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट जीत मिली थी। इस बीच टीम का कोई मुकाबला ड्रॉ भी नहीं रहा।

## डब्लूटीसी के टॉप पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद ऑस्ट्रेलिया को डब्लूटीसी में भी फायदा हुआ। टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। टीम के 2 सीरीज में 5 जीत और एक ड्रॉ से 54 पॉइंट्स हैं और 56.25% पॉइंट्स होने के कारण टीम पहले नंबर पर है। दूसरे नंबर पर भारत है। टीम के 2 सीरीज में 2 जीत और एक ड्रॉ से 26 पॉइंट्स हैं, टीम 54.16% पॉइंट्स होने के कारण दूसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के 50% पॉइंट्स हैं, वे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। जबकि 2 सीरीज में 2 जीत और 3 हार के बाद पाकिस्तान के 22 पॉइंट्स हैं।

## खबर संक्षेप



### अफ्रीका में 'फुल लेंग्थ' की गेंदबाजी कारगर नहीं

**केपटाउन।** अपनी स्विंग गेंदबाजी से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले मुकेश कुमार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट मैच में मौका नहीं मिला लेकिन न्यूलैंड्स में दूसरे टेस्ट मैच में उनकी कारगर गेंदबाजी के बाद टीम प्रबंधन को अपनी चूक का एहसास हुआ। मोहम्मद सिराज (सात विकेट) और जसप्रीत बुमराह (आठ विकेट) की अनुभवी जोड़ी ने दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया। इस बीच टीम के तीसरे तेज गेंदबाज मुकेश ने चार विकेट लिए जिसमें दूसरी पारी में शीर्ष क्रम के दो खिलाड़ियों को आउट करना शामिल था।

### केवल तेज गेंदबाजी पर ध्यान देने की सलाह

**नवी मुंबई।** भारत की युवा तेज गेंदबाज टिटास साधु ने कहा कि दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा रही हैं और केवल तेज गेंदबाजी करने पर ध्यान देने की उनकी सलाह का यह 19 वर्षीय खिलाड़ी प्रत्येक दिन पालन करती है। टिटास ने शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 17 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने यह मैच आसानी से 9 विकेट से जीता। यह 2012 के बाद पहला अवसर था जबकि भारत की किसी गेंदबाज ने मैच में चार या इससे अधिक विकेट लिए। झूलन ने मार्च 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

### भारत ए की अगुवाई करेंगे अभिमन्यु

**मुंबई।** बंगाल के अनुभवी खिलाड़ी अभिमन्यु ईश्वरन को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ आगामी चार दिवसीय मैच के लिए शनिवार को 13 सदस्यीय भारत 'ए' टीम का कप्तान चुना गया। इंग्लैंड लायंस की टीम भारत दौरे पर इस मैच से पहले दो दिवसीय अभ्यास मैच भी खेलेगी जो 12-13 जनवरी को अहमदाबाद में होगा। इसके बाद 17 से 20 जनवरी तक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा।

ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट

# कोको गॉफ और स्वितोलिना में आज होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

पिछली बार की चैंपियन कोको गॉफ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में हमवतन एम्मा नवारो को केवल 62 मिनट में 6-3, 6-1से हराया। गॉफ इस तरह से ऑकलैंड में दो वर्षों में लगातार 18 सेट और नौ मैच जीत चुकी है। रविवार को होने वाले फाइनल में कोको का मुकाबला दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल में तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीन की वांग ज़िन्यू पर 2-6, 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। स्वितोलिना को इस मैच के दौरान दो बार 'मेडिकल टाइमआउट' भी लेना पड़ा लेकिन आखिर में वह चीन की अपनी प्रतिद्वंद्वी को हराने में सफल रही।



## स्वियाटेक और हर्काज़ ने पोलैंड को फाइनल में पहुंचाया

सिडनी। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और ह्यूबर्ट हर्काज के शानदार प्रदर्शन से पोलैंड ने शनिवार को यहां फ्रांस को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके कैरोलिन गार्सिया को 4-6, 6-1, 6-1 से हराया। इसके बाद एटीपी रैंकिंग में नौवें नंबर पर काबिज हर्काज ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 7-5 से हराकर अपनी टीम को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। पोलैंड ने इसके बाद मिश्रित युगल का मैच भी जीता। पोलैंड रविवार को होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैंड ने ग्रुप चरण में केवल एक मैच गंवाया था। उसने चीन को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।


ब्रिसबेन फाइनल

## आर्यना सबालेंका की आज रिबाकिना से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां दो बार की चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका पर 6-2, 6-4 की जीत से ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत एलीना रिबाकिना से होगा। पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में भी सबालेंका और रिबाकिना का सामना हुआ था। इसमें सबालेंका ने रिबाकिना पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल कर ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था।

सबालेंका ने 2022 विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना के साथ सात मुकाबलों में पांच में जीत हासिल की है। आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर सबालेंका की जीत की लय 15 मैच की हो गई है जिसमें एडिलेड में 2023 के शुरू में खिताब के बाद



मेलबर्न पार्क में ग्रैंडस्लैम ट्राफी जीतना भी शामिल रहा। सबालेंका ने अजारेंका के खिलाफ 10 ऐस और 35 विनर लगाये। अजारेंका ने 2012 और 2013 में लगातार आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीते थे। रिबाकिना ने 19 वर्षीय लिंडा नोसकोवा पर 6-3, 6-2 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया।

रणजी ट्रॉफी

## बिहार की दो टीमें मैदान पर उतरीं, सुलझा विवाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार क्रिकेट के लिए गुटबाजी कोई नई बात नहीं है और दो दशकों से चली आ रही अंदरुनी कलह के कारण उसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड की नाराजगी का सामना करना पड़ा और साथ ही कुछ अच्छी प्रतिभाएं भी राज्य से दूर हो गईं। टीम पटना में जन्मे और पले-बढ़े ईशान किशन और गोपालगंज के रहने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की सेवाएं लेने में विफल रही।

ये खिलाड़ी क्रमशः झारखंड और बंगाल के लिए खेलकर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन गए हैं। गुटबाजी की घटना का ताजा मामला शुक्रवार को पटना में सामने आया जब दो टीमें मोइन-उल-हक स्टेडियम में मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट बी ग्रुप मैच खेलने पहुंची गईं। इसमें



से एक टीम का चयन बिहार क्रिकेट संघ के सचिव अमित कुमार ने किया और दूसरी टीम का चयन बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने किया। तिवारी की टीम आखिरकार मैच खेलने में सफल रही। इस टीम की अगुवाई बाएं हाथ के अनुभवी स्पिनर आशुतोष अमन कर रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से दी थी करारी शिकस्त

# टी-20 श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। एक दिवसीय श्रृंखला में तीनों मैच गंवाने के बाद भारतीय महिला टीम ने पहले टी20 मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी जो इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है।

भारतीय टीम ने इस मैच में न सिर्फ क्षेत्ररक्षण में चुस्ती दिखाई बल्कि उसके गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। भारत के सामने 142 रन का लक्ष्य था जो उसने शेफाली वर्मा (नाबाद 64) और स्मृति मंधाना (54) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी के दम पर आसानी से हासिल कर दिया।



### पैरी का 300वां मैच

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा, 'हम वास्तव में रविवार को होने वाले मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह हमारी टीम के लिए एलिस पेरी की उपलब्धि का जश्न मनाने का शानदार अवसर है। उनके 300वें मैच का हिस्सा बनने को लेकर वास्तव में प्रत्येक खिलाड़ी उत्साहित है। वह इस पर बात नहीं करना चाहती है क्योंकि इससे उसे लगता है कि वह उम्रदराज हो गई है।' ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद रहेगी कि पेरी बड़ा स्कोर बनाकर इस मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेगी।

### गेंदबाजों ने दिलाई जीत

भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। युवा गेंदबाज टिटास साधु ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। इनमें से तीन विकेट उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया था। टिटास ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'प्रत्येक मैच और अच्छा प्रदर्शन कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम होता है। मेरा मानना है कि क्षेत्ररक्षण में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा क्योंकि एक गेंदबाज मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है।'

## काल्डेरानो और मनिका डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर में पेश करेंगे चुनौती

**मापुसा।** दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ह्यूगो काल्डेरानो, शीर्ष भारतीय महिला मनिका बत्रा, युगल विशेषज्ञ जी साथियान और अचंता शरत कमल जैसे कुछ शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर 2024 में चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट 23 से 28 जनवरी के बीच यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 250,000 डॉलर है। इसमें खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक जीतने और डब्लूटीटी कप फाइनल और डब्लूटीटी चैंपियंस सीरीज के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने का मौका मिलेगा। ब्राजील के पूर्व युवा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता काल्डेरानो, भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की देखरेख में 'स्तूप स्पोर्ट्स एनालिटिक्स' और 'अल्टीमेट टेबल टेनिस द्वारा सह-आयोजित टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ में भाग लेने वाले 20 बड़े खिलाड़ियों में से एक होंगे।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. No. D. L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–20122023–250768
CG-DL-E-20122023-250768

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II - खण्ड 3 - उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5146] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 19, 2023/अग्रहायण 28, 1945
No. 5146] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 19, 2023/AGRAHAYANA 28, 1945

रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
अधिसूचना
नई दिल्ली, 18 दिसम्बर, 2023

का.आ. 5375 (अ).– केन्द्रीय सरकार ने, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उप–धारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड–3, उप–खंड (ii), तारीख 09 अगस्त, 2023 में प्रकाशित, भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 3567 (अ), तारीख 07 अगस्त, 2023 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है), द्वारा हरियाणा राज्य के महेन्द्रगढ़ जिले में विशेष रेल परियोजना अर्थात्, वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के निष्पादन के लिए उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को अर्जित करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और, उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20क की उप–धारा (4) के अधीन जनता से आक्षेप आमंत्रित करने के लिए दैनिक समाचार पत्रों अर्थात् "दी टाईम ऑफ इण्डिया" और "हरियाणा हरिभूमि" में तारीख 25 अगस्त, 2023 को प्रकाशित किया गया था;

और, विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त अधिसूचना के संबंध में जनता से कोई आक्षेप प्राप्त नहीं हुए थे;

और, उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उप–धारा (1) के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी है; अतः अब केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और उप–धारा (2) के अनुसरण में,–

(i) सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर यह घोषणा करती है कि उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी; और

(ii) यह घोषणा करती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रुप से निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**हरियाणा राज्य के महेन्द्रगढ़ जिले में विशेष रेल परियोजना अर्थात् "वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर" के लिए संरचना सहित या उसके बिना अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण।**

जिला :– महेन्द्रगढ़

| क्र. सं. | ग्राम का नाम | खसरा नं. | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भू–स्वामियों / हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आजमाबाद मौखुता | 46//6/1/2 min | निजी | रोसली | 0.027 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |
| 2 | | 46//15 | निजी | भूड | 0.003 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |
| 3 | | 46//13 min | निजी | भूड | 0.003 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |
| 4 | | 46//14 min | निजी | भूड | 0.083 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |
| 5 | | 47//10//2 min | निजी | रोसली | 0.197 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |
| 6 | | 46//6//2 min | निजी | रोसली | 0.061 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |
| 7 | | 103 Rasta | राजकीय | गै.मु. | 0.062 | केन्द्रीय सरकार |
| 8 | | 46//6//1 min | निजी | रोसली | 0.025 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |
| 9 | | 46//10 min | निजी | रोसली | 0.251 0.028 | रामू बाबूलाल, जगदीश व राजपाल उर्फ राजेन्द्र पुत्रान प्रभातीलाल पुत्र पोहकर हर दो समभाग 2/3 भाग, योगेन्द्र कुमार पुत्र हरीराम पुत्र प्रभातीलाल 1/3 भाग |

[फाइल सं. 2023/एलएमएल–II/12/1/डब्ल्यूसी/2445]
पंकज त्यागी, कार्यकारी निदेशक (भू. एवं सु.)


सार्वजनिक सूचना

उक्त अवाप्त भूमि की मुआवजा राशि धारा 20(च) रेल संशोधन अध्यादेश, 2008 एवं भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निर्धारित किया जाना है इसलिये धारा 20(च) के अन्तर्गत इस सार्वजनिक सूचना द्वारा समस्त सम्बन्धित/हितधारी व्यक्तियों को अपने–अपने दावे प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया जाता हैं।

अवाप्त अधीन भूमि के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित/हितधारी व्यक्ति स्वयं अथवा जरिये अभिभाषक धारा 20 'च' (4 व 5) के अन्तर्गत जिला राजस्व अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी भूमि अर्जन नारनौल के कार्यालय में इस सार्वजनिक सूचना के 21 दिवस के अन्दर प्रस्तुत कर सकते हैं।

**जिला राजस्व अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी भूमि अर्जन नारनौल**

**इस समय समूचा देश राममय है। 22 जनवरी को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा होने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से राम मंदिर निर्माणाधीन है। इसका एक भाग इस माह की 22 जनवरी तक तैयार हो जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी। इस समारोह को भव्य बनाया जा रहा है। सभी दलों, अनेक संतों समेत देश विदेश के हजारों गणमाण्य लोगों को भव्य समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा पर राजनीति भी शुरू हो गई है। विपक्ष की ओर से सरकार पर तीखे आरोप लगाए जा रहे हैं कि भाजपा राम का राजनीतिक फायदा लेने के लिए यह सब कर रही है। भाजपा के निर्माण के कुछेक वर्ष के बाद से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पार्टी के कोर एजेंडे में रहा है। आज अगर राम मंदिर बन रहा है, तो निश्चित ही इसे भाजपा के संकल्प व अभियान का प्रतिफल माना जाएगा। राम व मंदिर पर राजनीति का आंकलन करता आजकल का यह अंक...**



# ‘राममय’ का सांस्कृतिक-राजनीतिक दौर



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार



**श्रीराम के बिना भारत की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नववर्ष 2024 की शुरुआत हुई है, तो भारत ‘राममय’ हो उठा है। यह हिन्दुओं का ही नहीं, राष्ट्र के उत्सव का दौर है। मुसलमान भी राम पर फूलों की बरसात कर रहे हैं। अयोध्या विवाद में जो इकबाल अंसारी बाबरी मस्जिद के पक्षकार थे, वह भी ‘राममय’ हो चुके हैं। वह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान मौजूद रहेंगे। यह देश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक गौरव का दौर है। ‘राममय’ होने की राजनीति का भी प्रबल विरोध किया जा रहा है। विपक्ष के अलग अलग नेता अपने बयानों से विरोध के बहाने राम की छवि को धूमिल करने के कुत्सित प्रयास करते नजर आ रहे हैं। विपक्षी भी अयोध्या जाएं व प्रभु राम की भक्ति की तरंगों का लाभ ग्रहण करें।**

मुझे 11 जून, 1989 की तारीख बार-बार याद आती है। उस दिन हिमाचल प्रदेश की ‘चाय-घाटी’ पालमपुर में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक थी। लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। पार्टी के सभी शीर्षस्थ नेता बैठक में मौजूद थे। तब भाजपा एक नवजात-सी पार्टी थी। मैंने एक जूनियर पत्रकार के तौर पर कार्यकारिणी को कवर किया था। जब मीडिया को ब्रीफ किया गया कि एक प्रस्ताव पारित किया गया है कि अयोध्या में प्रभु राम का भव्य और दिव्य मंदिर बनाया जाएगा। गांव-गांव ‘राम’ के नाम की शिलाएं पूजी जाएंगी और अंततः उन्हें अयोध्या भेजा जाएगा। आडवाणी सोमनाथ मंदिर से अयोध्या तक की रथ-यात्रा करेंगे और देश भर में राम मंदिर को लेकर एक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक आंदोलन छेड़ा जाएगा। तब मैं भाजपा के प्रस्ताव की राजनीति और उसकी व्यापकता को समझ नहीं पाया था। पालमपुर में भाजपा ने एक ऐतिहासिक रैली भी की और पालमपुर से शिमला तक मार्च भी निकाला गया। कुछ अंतराल के बाद हिमाचल में विधानसभा चुनाव हुए, तो भाजपा को बहुमत मिला और शांता कुमार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। उसी वर्ष आम चुनाव में भाजपा के 86 सांसद जीत कर लोकसभा में आए, जबकि उससे पहले सदन में भाजपा के मात्र 2 ही सांसद थे। यहां से भाजपा का पुनरोत्थान और विस्तार शुरू हुआ। आज अयोध्या में ‘राम मंदिर’ ने आकार ले लिया है और त्रेता युग का दौर जीवंत हो उठा है। 22 जनवरी को प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ‘यजमान’ के तौर पर करेंगे।

## सांस्कृतिक पुनरोत्थान का प्रतीक

दरअसल श्रीराम के बिना भारत और लोकतंत्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नववर्ष 2024 की शुरुआत हुई है, तो भारत ‘राममय’ हो उठा है। यह हिन्दुओं का ही नहीं, राष्ट्र के उत्सव का दौर है। मुसलमान भी राम पर फूलों की बरसात कर रहे हैं। अयोध्या विवाद में जो इकबाल अंसारी बाबरी मस्जिद के पक्षकार थे, वह भी ‘राममय’ हो चुके हैं। वह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान मौजूद रहेंगे। यह देश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक गौरव का दौर है। ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद के मंत्रोच्चार और यज्ञों का दौर है। उन कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए भी पूजन किए गए हैं, जिन्हें ‘राममय’ मान कर मार दिया गया था। हालांकि अब मैं इस अध्याय को विस्मृत करने के पक्ष में हूं, क्योंकि श्रीराम ‘क्षमावादी’ थे। अयोध्या त्रेता युग में देवनगरी थी, श्रीराम की जन्मस्थली थी, आज भी उसका स्थान बैकुंठ से कम नहीं है। प्रभु राम के जयघोष हैं, मंत्रोच्चार, शंखनाद, डमरू वादन है, फूलों की बरसात में लोग नृत्यमग्न हैं, क्योंकि राम अयोध्या में अपने महलनुमा मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। अयोध्या को कभी ‘अभिशप्त नगरी’ भी मान लिया गया था। वह कुछ दुराग्रही नेताओं की दुर्बुद्धि और आसुरी कर्म था। वे अयोध्या में प्रवेश करने से हिचकते थे, लेकिन आज खुद को ‘राममय’ साबित करने की होड़ में जुटे हैं। प्रभु राम और भारत, उसके लोकतंत्र के आपसी संबंधों का सच यह है कि संविधान की किताब में राम-सीता का चित्र छपा है। देश के प्रधान न्यायाधीश की सीट पर धर्म की व्याख्या है, लिहाजा धर्म कोई छुआछूत का विषय नहीं है, जिसे राजनीति से अलग रखा जाए। राजनीति लोकतंत्र का ही प्रारूप है। अयोध्या का राम मंदिर सांस्कृतिक पुनरोत्थान का प्रतीक है, तो राजनीति का भी मुद्दा है। भाजपा अपने सभी चुनाव घोषणा-पत्रों में इसे शामिल करती रही है। साफ है कि वह इस मुद्दे पर जनादेश मांगती आई है। इसी मुद्दे ने भाजपा को 303 सांसदों के प्रचंड बहुमत तक पहुंचा दिया है। बेशक अन्य मुद्दे भी महत्वपूर्ण रहे हैं। राम मंदिर के उद्घोष पर जो उन्माद और ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में पैदा होता रहा है, उससे राजनीतिक लक्ष्य भी साधे गए हैं। भाजपा माने या न माने, राम मंदिर 2024 के आम चुनाव का सबसे अहं मुद्दा साबित होगा।

## राम पर विपक्ष की ओछी सियासत

‘राममय’ होने की राजनीति का भी प्रबल विरोध किया जा रहा है। राजनीति से अलग ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि चुनावी फायदे के लिए भाजपा अयोध्या में राम मंदिर के एक ही हिस्से का उद्घाटन करवा रही है। भगवान राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा चुनाव के मद्देनजर कराई जा रही है। सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी ने एक ही धर्म के राजनीतिकरण के कारण राम मंदिर समारोह का बहिष्कार किया है। एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार सरीखे वरिष्ठ नेता ने बयान दिया है कि जो सत्ता में हैं, उन्हें गाय और गौमूत्र ही दिखाई देता है। उन्हीं की पार्टी के एक मराठी नेता ने यहां तक अनर्गल अलाप किया है कि राम ‘मांसाहारी’ थे। किसी ने आशंका जताई है कि अयोध्या में ‘गोधरा जैसे दंगे’ कराए जा सकते हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जनता के सामने सवाल किया है कि आपको मंदिर चाहिए अथवा अस्पताल! वह जरा अपने पिता लालू यादव से पूछ लें कि जेल से छूटने के बाद वह सबसे पहले हनुमान मंदिर क्यों गए थे? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ सांसद सोनिया गांधी को समारोह के निमंत्रण-पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन वे मुस्लिम वोट की खातिर असमंजस में हैं, लिहाजा अपना कार्यक्रम नहीं बताया है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पार्टीजनों को राम मंदिर जाने की छूट देकर एक सौहार्दपूर्ण निर्णय किया है। सवाल हो सकता है कि जब देश ‘राममय’ हो चुका है, तो ऐसी नफरत क्यों फैलाई जा रही है? क्या राम-विरोध से विपक्षियों को ज्यादा वोट मिल सकेंगे? यदि भाजपा हिन्दुत्व की राजनीति कर रही है, तो विरोधी भी जातीय गणना की सियासत कर ही रहे हैं। इसके अलावा विपक्ष के राजनीतिक एजेंडे में मस्जिदवाद, अडाणी भी हैं। विपक्ष की राजनीति बेरोजगार, महंगाई, भ्रष्टाचार के मुद्दे तक ही सीमित नहीं है। यह तो लोकतंत्र है। त्रेता युग में भी श्रीराम का विरोध करने वाले असुर, खलनायक थे, लिहाजा अब कलयुग में क्या अपेक्षा की जा सकती है?

## तीर्थस्थल के तौर पर अयोध्या का उदय

अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने सर्वसम्मत फैसला सुनाया था कि वहां राम मंदिर का निर्माण कराया जाए। भूखंड तय करने और ट्रस्ट बनाने का दायित्व प्रधानमंत्री को सौंपा गया था, लिहाजा उन्होंने कैबिनेट के जरिए यह काम किया। मस्जिद के लिए भी अयोध्या के पास ही भूखंड तय किया गया है। मेरी जानकारी है कि अब मुस्लिम लॉ बोर्ड और बाबरी मस्जिद समिति उस भूखंड को कबूल करने को तैयार है। यदि अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया गया है और रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाकर शेष देश के लिए ‘अमृत भारत’ और ‘वंदे भारत’ रेलगाड़ियां शुरू की गई हैं, तो उनके उद्घाटन प्रधानमंत्री नहीं करेंगे, तो क्या विपक्ष करेगा? अयोध्या में विश्व स्तरीय 20 होटलों के लिए ज़मीन दी गई है। एक अनुमान है कि प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद औसतन 3 लाख श्रद्धालु हररोज़ अयोध्या में आ सकते हैं। हिसाब लगाएं कि यदि इतने श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या आएंगे, तो उस नगरी और आसपास के इलाकों की अर्थव्यवस्था कितनी समृद्ध होगी? अयोध्या को भी, अर्थव्यवस्था के लिहाज से, रोम, मक्का-मदीना और भारत के ही तिरुपति मंदिर की जमात में रखा जा सकेगा। अयोध्या का तो परिसंस्कार किया जा रहा है। बेशक नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो विवादों के बाद अयोध्या गए और राम नगरी के चैतरफा परिसंस्कार का दायित्व निभाया। अयोध्या का तो चेहरा ही बदलने लगा है।

## आस्था से राजनीति तक

आम चुनाव के मद्देनजर अयोध्या के राम मंदिर पर भाजपा ही नहीं, आरएसएस और विहिप ने एक ‘मास्टर प्लान’ तैयार की है। संघ परिवार के कार्यकर्ता गांव-गांव, घर-घर जाकर आमंत्रण बांट रहे हैं और पावन कार्यक्रम के सीधा प्रसारण को देखने के लिए लोगों को मानसिक तौर पर तैयार कर रहे हैं। भाजपा और संघ परिवार 15 जनवरी तक करीब 12 करोड़ परिवारों के 60 करोड़ लोगों से संपर्क करेंगे। उन्हें भगवान राम का चित्र और पूजित अक्षत (चावल) देंगे। उन्हें 22 जनवरी के समारोह को सामूहिक तौर पर देखने, भजन और भोग का न्योता दिया जा रहा है। विहिप ने 22 जनवरी को देश के 5 लाख गांवों के मंदिरों, धार्मिक या सार्वजनिक स्थलों में भी आयोजनों का लक्ष्य तय किया है। भाजपा और संघ परिवार की यह पूरी कवायद ‘राममय’ होने के लिए है। भाजपा ने आम चुनाव में 50 फीसदी या उससे अधिक वोट हासिल कर 350-400 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। ऐसा लक्ष्य विपक्ष भी तय कर सकता है। राम मंदिर संघ परिवार के लिए आस्था और देश की अस्मिता का प्रतीक है, तो राजनीतिक मकसद भी है। विपक्षी भी अयोध्या जाएं व प्रभु राम की भक्ति की तरंगों का आध्यात्मिक लाभ ग्रहण करें। इसमें गलत क्या है? मात्र विरोध के लिए विरोध से विपक्ष पुनजीर्वित नहीं होगा।

# भारतीय अस्मिता के सांस्कृतिक पुरुष श्रीराम



प्राण प्रतिष्ठा
प्रो. निरंजन कुमार
अधिष्ठाता, दिल्ली विश्वविद्यालय

22 जनवरी 2024, यह दिन इतिहास में अमर हो जाएगा। सदियों की सांस्कृतिक गुलामी के बाद इस दिन प्राचीन सांस्कृतिक नगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा और नवनिर्मित मंदिर के उत्सव का कार्यक्रम है। आज पूरे भारत ही नहीं बल्कि भारत से जुड़े हुए संसार के हर हिस्से में रहने वाले लोगों की भावनाएँ हिलोरें ले रही हैं। प्रश्न उठता है क्यों राम को लेकर देश और दुनिया गुंजायमान है? क्या राम सिर्फ हिंदुओं के आराध्य देव हैं? या क्या श्रीराम केवल उत्तर भारत के देव हैं? गाहे-बगाहे कुछ लोग इस तरह का वितंडा खड़ा करते रहते हैं, जबकि अगर आप रामकथा को देखें तो श्रीराम का चरित्र न केवल सार्वदेशिक है, बल्कि सार्वपंथिक, सार्वजनीन और सर्व समावेशी भी। अयोध्या के श्रीराम परम ईश्वर तो हैं ही, इसके अतिरिक्त वे एक विराट सांस्कृतिक पुरुष भी हैं जिनसे पूरा भारतवर्ष ही नहीं संसार के विभिन्न देश युगों-युगों से प्रभावित हुए हैं।

## सबके राम

सभी क्षेत्रों, भाषाओं, जातियों और धर्मों के लोगों ने अपने-अपने तरीके से रामायण अथवा रामकथा को रचा है। केवल ‘हिंदू’ कहलाने वाले समाज ही नहीं बल्कि बौद्ध, जैन, सिख आदि भारतीय पंथों के साथ-साथ मुसलमान और ईसाइयों तक को रामकथा ने गहरे प्रभावित किया है। वाल्मीकि के ‘आदि रामायण’ के बाद व्यास रचित महाभारत में भी 'रामोपाख्यान' के रूप में यह कथा वर्णित हुई है। फिर बौद्ध परंपरा में श्रीराम से संबंधित ‘दशरथ जातक जैसी कथाएँ उपलब्ध हैं। जैन साहित्य में स्वयंभू कृत 'पउमचरिउ' जैसे रामकथा संबंधी कई ग्रंथ हैं। सिख धर्म में भी राम का महत्वपूर्ण स्थान है, जिन्हें राम अवतार या राजा राम कहा जाता है। गुरु गोविंद सिंह द्वारा रचित दशम ग्रंथ के अन्तर्गत 'चौबीस अवतार' में राम का उल्लेख भगवान विष्णु के 24 दिव्य अवतारों में से एक के रूप में किया गया है। मुसलमानों में कवि रहीम ने, जो तुलसी के समकालीन थे, राम के आदर्श को नमन करते हुए लिखते हैं ‘रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्राण/हिन्दुआन को वेद सम, यवनहीं प्रकट कुरान’, तो ईसाइयों में रामकथा के प्रामाणिक शोधकर्ता फादर कामिल बुल्के के अनुसार “जिन आदर्शों, जीवन-मूल्यों और सामाजिक समरसता की प्रतिष्ठा के लिए श्रीराम संघर्ष करते हैं वे पूरे भारतीय जीवन-संस्कृति में रचे-बसे हैं”। स्पष्ट है कि श्रीराम सभी पंथों से परे एक ऐसे सांस्कृतिक चरित्र हैं जो भारतीय संविधान की प्रस्तावना में प्रयुक्त ‘पंथनिरपेक्ष’ शब्दावली के सच्चे प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।

## समस्त भारतीयता के प्रतिनिधि

भौगोलिक दृष्टि से देखें तो उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम सभी दिशाओं में रामकथा विद्यमान है। पूर्व में ‘कृतिवास रामायण’ और पूर्वोत्तर के रामायणों की चर्चा होती है, तो महाराष्ट्र में ‘भावार्थ रामायण’ है। उत्तर में वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस हैं, तो दक्षिण में कम्ब रामायण है। विभिन्न भारतीय भाषाओं में हिन्दी में 11, मराठी में 8, बाङ्ला में



25, तमिल में 12, तेलुगु में 12 तथा उड़िया में 6 महत्वपूर्ण रामायण मिलते हैं। इसके अतिरिक्त गुजराती, मलयालम, कन्नड़, असमिया,कश्मीरी, उर्दू, अरबी, फारसी, संथाली व पूर्वोत्तर आदि की अनेक भाषाओं में रामकथा लिखी गयी। इस दृष्टि से राम समस्त भारतीयता के प्रतिनिधि चरित्र हैं।

## सार्वभौमिक चरित्र राम

यही नहीं, भारत के बाहर भी संसार के अनेक देशों में अनेक भाषाओं में रामचरित्र आपको दिखाई पड़ेगा। विदेशों में भी ‘तिब्बती रामायण’; पूर्वी तुर्किस्तान की ‘खोतानी रामायण’; इंडोनेशिया की ‘ककबिनरामायण’; जावा का ‘सेरतराम’, ‘सैरीराम’, ‘रामकेलिंग’, ‘पातानीरामकथा’; इण्डोचाइना की ‘रामकेर्ति’,‘खमैररामायण’; म्यांमार की ‘यूतोकी रामयागन’; थाईलैंड की ‘रामकियेन’ आदि रामचरित्र के सार्वभौमिकता का बखूबी बखान करती हैं।

## समावेशी राम

श्रीराम सर्व समावेशी भी हैं, सामाजिक समरसता के सच्चे प्रतीक हैं। यह अनायास नहीं कि तथाकथित सवर्ण जातियों के अतिरिक्त पिछड़े-दलित तथा आदिवासी जातियों के लोगों ने भी राम को अपनी रचना का विषय बनाया। कबीर “मेरा मन रामहि आहि” कहते हैं तो रैदास “जब मन मिलो राम-सागर सों” की धुन लगाते हैं। इक़बाल जैसे शायर ने तो श्रीराम की शान में कविता लिखी। उन्होंने श्रीराम को हिंदू धर्म का प्रतीक न मान कर भारत की सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक के रूप में पहचाना है।

## सामाजिक समरसता के प्रतीक

सामाजिक समरसता के प्रतीक श्रीराम सामाजिक दृष्टि से राज पुरुष होते हुए भी सभी समुदायों, सभी जातियों, सभी वर्गों और समुदायों के प्रति समानधर्मा और समभावी हैं। एक तरफ उनका आत्मीय संबंध कोल, किरात, भील, शबर, गुह और निषाद आदि ओबीसी या आदिवासी लोगों के साथ है, तो दूसरी तरफ पशु-पक्षियों और वृक्षों-पादपों से भी उनका वैसा ही प्रगाढ़ संबंध है। केवट, गुह और निषादराज आदि जहाँ राम के मित्र हैं, वहीं भाव-विभोर होकर भीलनी माता शबरी के झूठे बेर भी श्रीराम खाते हैं। एक ओर पक्षीराज जटायु के प्रति करुणा व्यक्त करते हैं तो वानरश्री हनुमान उनके अंतरंग है, और भल्लूकराज जामवंत और वानरराज सुग्रीव उनके मित्र।

## आज भी प्रेरणास्रोत

आज के भौतिकतावादी युग में सामाजिक विघटन और पारिवारिक मूल्यों के क्षरण के दौर में जिस तरह से सारे सामाजिक और पारिवारिक संबंध टूट रहे हैं, भाई अपने भाई से, पिता अपने पुत्र से, और मित्रता के संबंध जब क्षणभंगुर हो रहे हैं, ऐसे में भी राम का उदात्त चरित्र शाश्वत प्रेरणास्पद और मन में एक उत्साह जगाने वाला दिखाई पड़ता है। राम का चरित्र एक तरफ करुणा सम्पन्न है तो दूसरी तरफ वीर और शौर्यवान भी। अपने पराक्रम रूप में वे राक्षसों के आतंक का खत्म कर सज्जनों को दिलासा देते हैं। आज जब संसार आतंकवाद की विभीषिका झेल रहा है, ऐसे में भी श्रीराम का यह रूप संसार को एक वैश्विक संदेश दे सकता है।

सार्वजनीन चरित्र श्रीराम का ऋषि-मुनियों, भक्तों-संतों और कवियों आदि ने महिमा मंडन तो किया ही, आधुनिक काल में भी विभिन्न मनीषियों और चिंतकों जैसे विवेकानंद, महर्षि अरविंदो, तिलक, रवींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी, विनोबा भावे और लोहिया राम चरित्र से बहुत प्रभावित थे, और अपने लेखन का विषय बनाया। भारत के कण-कण में, हर मन में राम विराजमान हैं। श्रीराम वह सांस्कृतिक पुरुषोत्तम हैं जो देश-काल से परे हैं। श्रीराम जिन जीवन मूल्यों, आदर्शों, मर्यादा और सामाजिक समरसता की प्रतिष्ठा के लिए संघर्ष करते हैं, वे भारतीयों के जीवन-संस्कृति में रचे-बसे हैं। यह अकारण नहीं कि जिस निर्माणाधीन राम मंदिर की आज चर्चा हो रही है उसके निर्माण के लिए निधि समर्पण में पूरी दुनिया में बसे हिन्दू भारतीयों लोगों के साथ-साथ कम्युनिस्ट, बौद्ध, पारसी, ईसाई व मुसलमान ने भी सहयोग किया है। यह देश सदा ऋणी रहेगा क्योंकि यह राम मंदिर ही नहीं, राष्ट्र मंदिर भी है।

# ‘धर्मराज्य’ के लिए मिलती रहेगी प्रेरणा



राम मंदिर
प्रो. महेश चंद गुप्ता
शिक्षाविद् व डीयू के पूर्व प्रोफेसर

हर सनातनी और राष्ट्रवादी देशवासी उस घड़ी का साक्षी बनने को आतुर है, जब अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। सनातन संस्कृति के आस्थावान इस अवसर को दिव्य, अद्भुत, अलौकिक तथा देश के सम्मान की पुनर्स्थापना का मार्ग प्रशस्त करने वाला मान रहे हैं। आशा की जा रही है कि श्रीराम लला के अयोध्या में विराजमान होने के बाद भारत फिर से राम राज्य के आदर्श बनने की ओर अग्रसर होगा।

22 तारीख के इंतजार में देश में कुछ वैसा ही माहौल है, जिस प्रकार दीपावली और स्वाधीनता दिवस से पहले हुआ करता है। देश का हर नागरिक इस दिन दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए तत्पर है। सनातन धर्म और संस्कृति में जिनकी आस्था है, उनके लिए जितना 15 अगस्त के दिन का महत्व है, उतना ही जनवरी की 22 तारीख का भी होगा। यह कोई साधारण दिन नहीं है और न ही आसानी से देखना नसीब हो रहा है। यह कई पीढ़ियों द्वारा सदियों तक किए गए प्रयासों-संघर्षों का परिणाम है। श्रीराम के प्रयोजन के लिए जिन लोगों ने अपना सर्वस्व होम कर दिया, यह उन हुतात्माओं के बलिदान का प्रतिफल है।

अयोध्या में बना यह मंदिर देश के लिए सिर्फ पूजास्थल नहीं है बल्कि यह हमारे लिए तप, त्याग और संकल्प प्रतीक और स्थायी प्रेरणापुंज बनने जा रहा है। इसकी वजह साफ है-श्रीराम का यह भव्य मंदिर जिस आंदोलन की बदौलत आकार ले पाया है, वह अर्पण, तर्पण और संकल्प से ओत-प्रोत आंदोलन था। उसी अर्पण, तर्पण और संकल्प की बदौलत ये मंदिर कोटि-कोटि लोगों की सामूहिक संकल्प शक्ति और हमारे राष्ट्र का प्रतीक बनने जा रहा है। जन मान्यता है कि इसी मंदिर में श्री रामलला के विराजित होने के उपरांत राम राज का शिलान्यास भी हो जाएगा। उस राम राज की आधारशिला रखी जाएगी, जिसकी परिकल्पना न जाने कब से हम भारत के लोग कर रहे हैं। सदियों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है।

अभी हम जिस कालखंड में जी रहे हैं, वह भारत के लिए क्रांतिकारी, गौरवशाली और बड़े सकारात्मक बदलावों का कालखंड है। पूरी दुनिया हमारी संस्कृति को मान रही है। भारत की गौरवशाली और प्राचीन संस्कृति की तरफ लोगों का रूझान है। पाश्चात्य संस्कृति की ओर खिंचे रहने वाले युवा भी हमारी संस्कृति को पुनः अंगीकार कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद समेत सौ से ज्यादा संस्थाएं समाज को जाग्रत कर रही हैं। निश्चय ही आने वाला समय अच्छा समय है, इसमें श्रीराम मंदिर मील का पत्थर बनने जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो अगले पच्चीस सालों में मंदिर से राम राज की यात्रा का शुभारंभ करने की तैयारी शुरू की है। इसके लिए संघ की एक महत्ती योजना है, जिसके तहत संघ अगले पच्चीस सालों में ऐसे सशक्त भारत का निर्माण करना चाहता है, जिसकी बदौलत भारत एक बार पुनः विश्व गुरु बने। वर्ष 2047 में देश की आजादी के एक सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आरएसएस की जो परिकल्पना है, उसे साकार करने के लिए केन्द्र बिंदू राम का मंदिर है और संघ समाज की सभी संस्थाओं को राम



राज्य की परिकल्पना के अनुरूप संवैधानिक दायरे में स्थापित करने का रोडमैप बना रहा है। संघ चाहता है आगामी पच्चीस सालों में प्रत्येक व्यक्ति का हृदय ऐसा हो, जिसमें श्रीराम स्वयं बसें और हर व्यक्ति अपने व्यक्तिगत एवं पारिवारिक जीवन की रचना इसी के अनुरूप करे।

आज यह सब करने की जरूरत इसलिए पड़ रही है क्योंकि अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला, जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे विशाल भवन नष्ट कर दिए। हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं मगर वह श्रीराम को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस राम को कैसे मिटाते, जो कण-कण में हैं, हर जन के हृदय में हैं। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश हो कर चले गए लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं, उसी प्रकार राम मंदिर की बदौलत देश में सुख, शांति, समृद्धि, वैभव की जगमगाहट होना तय हो गया है। विरोध कर रहे मुट्ठी भर नेताओं को समझना चाहिए कि राम मंदिर किसी एक व्यक्ति अथवा पार्टी का नहीं है, इससे करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है। राम किसी एक के नहीं, सबके हैं। समूचे संसार के हैं। भारतवर्ष में करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र राम हैं तो अनेक विदेशों में भी हैं।

आज यह धारणा बलवती हो रही है कि राम मंदिर अनंत काल तक समूची मानवता को प्रेरणा देगा तो यह अकारण नहीं है। शास्त्रों में उल्लेख इस बात का है कि श्रीराम के समान कोई नीतिवान समूची धरा पर कभी नहीं हुआ। कोई गरीब व दुःखी न हो, यह राम राज का उद्देश्य था। श्रीराम का संदेश यह था कि नर-नारी को समान भाव से सुख मिले और बुजुर्गों व बच्चों की सदैव रक्षा हो।

कुछ लोगों के मन में प्रश्न उठ सकता है कि आखिर राम राज क्या है? राम राज एक सामाजिक व्यवस्था का नाम है। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसकी परिकल्पना महात्मा गांधी ने भी की थी। राम राज रूपी सामाजिक व्यवस्था समर्पण एवं त्याग की भावनाओं से ओत-प्रोत है। राम राज ऐसी व्यवस्था का द्योतक है, जिसमें शांति, सत्य और जन भावना का समावेश लाजिमी है। इसमें ‘प्राण जाए पर वचन न जाए’ की भावना निहित है। लोक भावनाओं के सम्मान के बिना तो राम राज की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। तुलसी दास जी ने राम राज के बारे में रामायण में जो लिखा है, उसे देखिए। वे कहते हैं- ‘‘दैहिक, दैविक, भौतिक तापा, रामराज काहु नहीं व्यापा।’’ अर्थात राम जी के राज में न देह से संबंधित रोग थे, न दैवीय प्रकोप और न ही भौतिक आपदाओं का प्रभाव व्याप्त था।

महात्मा गांधी के 20 मार्च, 1930 को हिन्दी पत्रिका ‘नवजीवन’ में ‘स्वराज्य और रामराज्य’ शीर्षक से प्रकाशित लेख में राम राज्य का बहुत ही सुंदर शब्दों में वर्णन किया गया है। गांधी जी लिखते हैं कि ‘‘स्वराज्य के कितने ही अर्थ क्यों न किए जाएं, तो भी मेरे नजदीक तो उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है, और वह है रामराज्य, यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा। रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी। सब कार्य धर्म पूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा। सच्चा चिंतन तो वही है, जिसमें रामराज्य के लिए योग्य साधन का ही उपयोग किया गया हो। यह याद रहे कि रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पाण्डित्य की कोई आवश्यकता नहीं है। जिस गुण की आवश्यकता है, वह तो सभी वर्गों के लोगों- स्त्री, पुरुष, बालक और बूढ़ों- तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद है। दुःख मात्र इतना ही है कि सब उसे जगाते नहीं हैं। सत्य, अहिंसा, मर्यादा-पालन, वीरता, क्षमा, धैर्य आदि गुणों का हममें से हरेक व्यक्ति परिचय दे सकता है। श्रीराम का मार्ग मानवता का मार्ग है। जब-जब हम श्रीराम के मार्ग पर चले हैं तो विकास ने बाहें फैलाई हैं लेकिन यह भी सत्य है कि जब-जब हम राम जी के रास्ते से भटके हैं तो हमारा पतन हुआ है। अब हम राम के मार्ग पर हैं। हमारा मूल रास्ता ही यही है क्योंकि राम हमारी संस्कृति के आधार हैं।


Indus
GROUP OF SCHOOLS
24 YEARS ACADEMIC EXCELLENCE
FIT INDIA
ATAL TINKERING LAB
INDUS के साथ....सफलता की शुरुआत
SCHOLARSHIP Cum ADMISSION TEST
FOR (GRADES I TO IX & XI)
04 FEB 2024 AT 10 AM
NO REGISTRATION FEE
For Registration Scan QR code
Register Online
ADMISSIONS OPEN
For Session 2024-25
98.2% Bhoomi
Distt. Non- Med. Topper
CBSE Class XII - 2023
95% & Above 31+ Students
90% & Above 115+ Students
80% & Above 277+ Students
75% & Above 162+ Students
98.8% Aditya
Distt. Topper
CBSE Class X - 2023
95% & Above 119+ Students
90% & Above 156+ Students
80% & Above 324+ Students
75% & Above 138+ Students
NEET TOPPER 2023
1
685/720
Niyanta
Super Achievements of INDUS GROUP (Session 2023-24)
31 STUDENTS IN NEET
18 STUDENTS IN JEE Advanced
14 STUDENTS IN NDA
06 National Players in Shooting
26 National Players in Karate
34 National Players in Fencing
11 National Players in Cricket
Rowing National Gold
JEE ADVANCED -2023 KARTVYA
NEET -2023 643/720 SWASTI
CLAT -2023 ANUSHKA
CLAT -2023 MAULIMANNI
1st IN NACH LE INDIA (National Dance Platform) VANSH
SILVER MEDAL IN National wrestling 65 Kg GARIMA
NATIONAL Shooting Player LAKSHYA
2nd POSITION IN Taekwondo State Level SANVI
ARYAN NEET QUALIFIER 2023
MITESH BALHARA SELECTED FLYING OFFICER UNDER AFCAT
MAHIR & JHANKAR COMBAT JU-JUTSU WORLD CHAMPIONSHIP
HARSHIT JEE TOPPER 2023 IIT GUWAHATI
NATIONAL ARMY QUIZ 'BATTLE OF MINDS' 7th OUT OF 32441 SCHOOLS
BHARAT KO JANO 2023 (1st POSITION IN DISTT.)
PRACHI Silver Commonwealth Games
KANUPRIYA Silver Sub-Jr. Asian Games
OUR CAMPUSES
Rohtak 9992900573 | Jind 9729606705 | Kaithal 7082951005 | Mirchpur 7056718900 | Hisar 9466479143
Karnal 9671111069 | Kinana 9728704032 | Pillukhera 9254041041 | Khanda Kheri 9466572571 | Durg 7882287000
Bilaspur 7771011656 | Korba 77522 32662
www.induseducation.org

# राजनाथ सिंह ने रखी पतंजलि गुरुकुलम की आधारशिला

**नई शिक्षा नीति में वैदिक शिक्षा व नैतिक मूल्यों का समावेश : रक्षामंत्री राजनाथ**

**बदलते भारत में गुरु शिष्य परंपरा गुरुकुल शिक्षा पद्धति से संभव : रामदेव**

**गुरुकुल पुन : अपने अतीत के गौरव को प्राप्त करेगा : आचार्य बालकृष्ण**

ओ.पी. पाल ▶▶| हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती एवं गुरुकुल ज्वालापुर के संस्थापक पूज्य स्वामी दर्शनानन्द की जयन्ती पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को ज्वालापुर में 'पतंजलि गुरुकुलम्' व आचार्यकुलम् का शिलान्यास किया। राजनाथ ने लुप्त होती देवभाषा संस्कृत के संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि गुरुकुल इस बदलते भारत के लिए ऐसी शिक्षा पद्धति में अहम भूमिका निभाएंगें। समारोह में राजनाथ ने कहा कि गुरुकुलों में शिक्षा के साथ-साथ समाज में शुचिता व नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया जाता था। उन्होंने कहा कि मैकाले ने एक षड्यंत्र के तहत ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित की जिसने हमारी गुरुकुलीय परम्परा को लगभग समाप्त ही कर दिया था। किन्तु योगगुरु स्वामी रामदेव जैसे तपस्वी महापुरुष ने गुरुकुल की परम्परा को पुनः गौरव प्रदान करते हुए पतंजलि गुरुकुलम् की आधारशिला रखी। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वामी रामदेव के दिशानिर्देशन में संचालित पतंजलि गुरुकुलम् भारतीय संस्कृति व सनातन की ध्वजवाहक बनेगा। भारतीय संस्कृति सनातन को जीवंत रखने इस देश के गुरुओं का बहुत बड़ा योगदान है। 1500 वर्ष पूर्व नालंदा व तक्षशिला विवि उसी गुरुकुलीय परम्परा के श्रेष्ठ उदाहरण हैं जहां से पूरा विश्व शिक्षा के क्षेत्र में दीप्तमान होता था। स्वामी जी भी उसी दिशा में कार्य कर रहे हैं तथा गुरुकुलों की स्थापना कर महर्षि दयानंद के स्वप्न को साकार कर रहे हैं। पतंजलि ने योग जैसा ग्रंथ संस्कृत में लिखा है, संस्कृत भाषा हमारी देव भाषा होने के साथ वैज्ञानिक भाषा भी है, इसलिए संसकृति के साथ लुप्त होती संस्कृत भाषा के संवर्धन में गुरुकुल अहम भूमिका निभा सकते हैं। राजनाथ ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति के साथ ही हमें आधुनिक शिक्षा की जरुरत है, इसलिए गुरुकुल शिक्षा में वैदिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है। इसी लिए नई शिक्षा नीति को नैतिक मूल्यों के समावेश के साथ लागू किया गया है।





### मानव सेवा को समर्पित अर्थ साम्राज्यः स्वामी रामदेव

इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि हमने गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त कर मानव सेवा के लिए विशाल अर्थ साम्राज्य स्थापित किया। अभी 500 करोड़ की लागत से पतंजलि गुरुकुलम् तथा आचार्यकुलम् तैयार करने की योजना है तथा साथ ही अगले 5 सालों में 5 से 10 हजार करोड़ रुपए शिक्षा के अनुष्ठान में खर्च करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जो देश से पाया, उसे इस देश को वापस लौटाना है। हमने महर्षि दयानंद के पदचिन्हों पर चलकर योगधर्म से राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा है। महर्षि दयानंद ने एक ओर वेद धर्म, सनातन धर्म की बात की तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्र धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले बलिदानी तैयार किए। पतंजलि गुरुकुल सनातन के ध्वजवाहक तैयार करेगा जो पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करेंगे।

### नए कीर्तिमान स्थापित करेगा गुरुकुलः आचार्य बालकृष्ण

पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि पूज्य स्वामी दर्शनानंद जी ने अल्प संसाधनों से यह संस्था प्रारंभ कर एक स्वप्न देखा था जिसे श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी महाराज साकार कर रहे हैं। इस संस्था ने अपनी युवावस्था के गौरव को देखा है। कहीं न कहीं यह संस्था अपनी वृद्धावस्था की तरफ जा रही थी किन्तु श्रद्धेय स्वामी जी के तप व पुरुषार्थ से यह पुनः अपने अतीत के गौरव को समेटे हुए वैभव प्राप्त करेगी। अतीत में देखें तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, राष्ट्रपति तथा पांच प्रधानमंत्रियों ने भी गुरुकुल ज्वालापुर की भूमि को प्रणाम किया है, भविष्य में इस भूमि से नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएँगे जिसके साक्षी दुनिया के प्रतिष्ठित लोग होंगे।

### ये भी रहे शामिल

समारोह में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक चौहान, बाबा बालकनाथ महाराज, लक्ष्मण गुरु जी, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष स्वामी रविन्द्रपुरी जी महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद जी महाराज, स्वामी यतीश्वरानंद, श्री सत्यपाल, श्री धनसिंह रावत, श्री रमेश पौखरियाल 'निशंक', शोभित गर्ग, मदन कौशिक, प्रणव सिंह 'चैम्पियन', सुरेश चन्द्र आर्य, आचार्य स्वदेश, श्री विनय आर्य, श्री दयानंद चौहान, स्वामी आर्यवेश, आचार्या सुमेशा, आचार्या सुकामा, सुशील चौहान, स्वामी सम्पूर्णानंद सहित आर्य समाज के लगभग सभी विद्वान, भजनोपदेशक और संन्यासी महापुरुष, हरिद्वार के सभी पूज्य आचार्य महामण्डलेश्वर व संत महात्मा, गुरुकुल ज्वालापुर की महासभा व प्रबंधकारिणी सभा के समस्त अधिकारी व सदस्यगण तथा पतंजलि से सम्बद्ध सभी ईकाइयों के इकाई प्रमुख, अधिकारी, कर्मचारी तथा संन्यासी भाई-बहन उपस्थित रहे।

### मध्य प्रदेश में गुरुकुल स्थापित करने की पेशकश

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि त्रेता में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम तथा द्वापर में योगेश्वर कृष्ण ने गुरुकुलों में शिक्षा ग्रहण की। स्वामी रामदेव जी उसी गौरवशाली गुरुकुलीय परम्परा के संवाहक बन गुरुकुलीय परम्परा को गौरव प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने नई शिक्षा नीति के माध्यम से भविष्य की पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का प्रण लिया है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास है। हमें मानवीयता के उत्कृष्ट मापदण्ड स्थापित करने हैं। उन्होंने स्वामी जी को मध्य प्रदेश के उज्जैन में गुरुकुल स्थापित करने तथा मध्य प्रदेश से पतंजलि के सभी प्रकल्पों को संचालित करने के लिए आमंत्रित किया।

### देश में बहेगी संस्कृति की गंगाः पुष्कर सिंह धामी

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुकुल एक विशिष्ट शब्द है जहाँ गुरु शिष्य को कुलवाहक मानकर शिक्षित कर उसका मार्ग प्रशस्त करता है। स्वामी रामदेव जी महाराज महर्षि दधिचि के समान अपना सर्वस्व देश व समाज की सेवा में न्यौछावर कर रहे हैं। यह गुरुकुल बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान करेगा जिससे वे आदर्श नागरिक बनकर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में योगदान देंगे। यह गुरुकुल व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परिकल्पना साकार करेगा। पतंजलि की गंगोत्री से भारतीय संस्कृति की गंगा बहेगी।

---

**जयपुर में तीन दिवसीय डीजी-आईजी सम्मलेन शुरू, पीएम मोदी ने किया संबोधित**

# खालिस्तान, साइबर सिक्योरिटी पर मंथन

भाषा ▶▶| आणंद (गुजरात)

जयपुर में तीन दिवसीय 58वीं डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में शनिवार को शुरु हो गई। कॉन्फ्रेंस में आज पीएम नरेंद्र मोदी ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस में खालिस्तान आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, कानून में बदलाव की जरूरत और ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर चर्चा की गई। मोदी ने यहां हर राज्य के डीजीपी से भी मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस सेमीनार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार अजीत डोभाल भी मौजूद हैं। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रही इस कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन पहुंचे पीएम मोदी का शाह और डोभाल ने स्वागत किया। वहीं, प्रधानमंत्री को काले झंडे दिखाने की धमकी को लेकर पुलिस ने एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी को नजरबंद कर दिया। विंग के दूसरे कार्यकर्ताओं की भी धरपकड़ की गई।

### पीएम ने लंच में किया वन टू वन संवाद



दोपहर 1 बजे पीएम मोदी और अमित शाह ने सभी डीजी-आईजी के साथ लंच किया। एक घंटे के लंच के दौरान मोदी ने सभी से वन टू वन संवाद किया। इस मीटिंग के दौरान मोदी और अमित शाह सभी अधिकारियों की टेबल तक पहुंचे। उनके साथ लंच शेयर किया। जानकारी के अनुसार, लंच के लिए ताज ग्रुप कमकस किया गया।




### डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में चार विषयों पर चर्चा

खालिस्तान आतंकवाद को खत्म करने के लिए सभी राज्यों के डीजी से सुझाव मांगे जाएंगे। एनएसए अजीत डोभाल इस विषय को लेकर करीब 20 मिनट तक अपना इनपुट कॉन्फ्रेंस में सभी के साथ साझा करेंगे। साइबर सुरक्षा पर करीब 3 घंटे चर्चा होगी। इस दौरान देश के कई बड़े साइबर एक्सपर्ट और साइबर टीमें इसमें भाग लेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइबर सुरक्षा पर किए जा रहे कामों को लेकर जानकारी दी जाएगी। कानूनों को बदलने, सजा और जुर्माना बढ़ाने पर इस चर्चा होगी। इस विषय को करीब 4 घंटे का समय दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई राज्यों के डीजी अपनी बात रखेंगे। अंतिम विषय ह्यूमन ट्रैफिकिंग रखा गया है। इसे 2 घंटे का समय दिया गया है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग के बारे में गृह राज्य मंत्री नत्यानंद एक प्रेजेंटेशन देंगे। इसके बाद इसके मूल कारणों और इसे कैसे रोका जा सकता है, इस पर चर्चा की जाएगी।

### आंतरिक सुरक्षा पर बोले गृहमंत्री शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के लिए केंद्र-राज्यों के बीच बेहतरीन तालमेल से काम करने के साथ एआई के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा। नए आपराधिक कानूनों के लिए थानेदारों से लेकर डीजीपी तक ट्रेनिंग देने पर जोर दिया।




## 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में कांग्रेस जनता से करेगी आर्थिक असमानता, जातिगत गणना, बेरोजगारी पर संवादः मल्लिकार्जुन

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि पार्टी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इसलिए निकाल रही है क्योंकि सरकार ने उसे संसद में लोगों के मुद्दे उठाने का मौका नहीं दिया और इस पहल का उद्देश्य संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को फिर से स्थापित करना है। राहुल गांधी की अगुवाई में होने वाली मणिपुर-मुंबई यात्रा के 'लोगो' का अनावरण करने के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खड़गे ने हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए मोदी पर प्रहार किया। खरगे ने कहा कि उनके पास समुद्र तटों और उन स्थानों पर 'फोटो शूट' करने के लिए समय है जहां मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन पूर्वोत्तर राज्य की पीड़ा के लिए उनके पास समय नहीं है। उन्होंने ईडी, सीबीआई व आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया। खड़गे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल घटक दलों के नेता गठबंधन में पदों के आवंटन पर 10 से 15 दिन के भीतर निर्णय लेंगे।

**'इंडिया' के घटक दल विपक्षी गठबंधन में पदों के आवंटन पर 10 से 15 दिन के भीतर निर्णय लेंगे : खड़गे**

## बांग्लादेश में आज मतदान, हसीना का चौथे कार्यकाल को जीतना लगभग तय

भाषा ▶▶| ढाका

ढाका, छह जनवरी (भाषा) बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए रविवार को मतदान होगा, जिसमें मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अनुपस्थिति के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना के लगातार चौथी बार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया है और ''अवैध सरकार'' के खिलाफ 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

चुनाव आयोग ने कहा कि उसने देश भर के 300 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तैयारी लगभग पूरी कर ली है और सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर रविवार को होने वाले मतदान में कुल 11.96 करोड़ पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव में 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं और उनके अलावा 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं।

### बांग्लादेश में ट्रेन अग्निकांड में विपक्षी नेता समेत आठ पकड़े

ढाका (भाषा)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार को हुए एक ट्रेन अग्निकांड के सिलसिले में पुलिस ने शनिवार को विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक बड़े नेता समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। चुनाव से पहले हुई इस घटना में चार लोगों की जान चली गई।

## एनआईए का बड़ा एक्शनः लॉरेंस गैंग के सदस्यों की 4 संपत्तियां कीं अटैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी देश में आतंकी-गैंगस्टर और ड्रग तस्करी के मकड़जाल को खत्म करने की दिशा में कदम उठा रही है। एआईए ने 6 दिसंबर को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्वोई की संगठित टेरर-क्राइम सिंडिकेट के सदस्यों की 4-4 संपत्तियों को अटैच किया।एनआईए ने हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में समन्वित छापेमारी में संपत्तियां कुर्क की गईं। हथियार जब्ती मामले में जम्मू-कश्मीर में एक घर को कुर्क किया। ये संपत्तियां आतंकवाद की आय हैं, जिनका इस्तेमाल आतंकी साजिश रचने में किया जाता है और गंभीर अपराधों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। संपत्तियों में लखनऊ के गोमती नगर एक्टेंशन में सुलभ आवास योजना के आश्रय-1 का फ्लैट-77/4 शामिल है, जो विकास सिंह से संबंधित है। दो अन्य संपत्तियां पंजाब के फाजिल्का के गांव बिशनपुरा की हैं, जो आरोपी दलीप कुमार के स्वामित्व में थीं। हरियाणा के यमुनानगर निवासी जोगिंदर सिंह के नाम पर पंजीकृत फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की गई। विकास सिंह लॉरेंस बिश्नोई का सहयोगी है।

## भाजपा की बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन

**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा के मोर्चों के शीर्ष पदाधिकारियों की शनिवार को बैठक हुई, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति के क्रियान्वयन की समीक्षा की गयी। भाजपा मुख्यालय में हुई इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष ने की। सूत्रों ने बताया कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों एवं रणनीति पर चर्चा की गयी। आम चुनावों के लिए भाजपा के सात मोर्चों को जो दायित्व दिया गया था, उनके क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गयी। बैठक में भाजपा के सातों मोर्चा के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ-साथ पार्टी महासचिव सुनील बंसल, विनोद तावड़े, राधामोहनदास अग्रवाल, दुष्यंत गौतम और वी सतीश शामिल हुए।

## विधि आयोग त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ कराने को लेकर विभिन्न फॉर्मूला की पड़ताल कर रहा

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

**पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हो सकते हैं**

**दूसरे चरण में, स्थानीय निकाय चुनाव आयोजित किए जा सकते हैं**

देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर विचार कर रहा विधि आयोग एक ही वर्ष में दो चरणों में त्रि-स्तरीय चुनाव कराने की संभावना पर विचार कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हो सकते हैं और दूसरे चरण में, स्थानीय निकाय चुनाव आयोजित किए जा सकते हैं। सूत्रों ने एक फॉर्मूला का हवाला देते हुए कहा कि विधि आयोग एक साथ चुनाव के मुद्दे पर विचार कर सकता है। सूत्रों ने कहा, यह देश की विभिन्न जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण है। अगस्त 2018 में, पिछले विधि आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के नरेंद्र मोदी सरकार के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि यह देश को लगातार चुनावी मोड में रखने से रोकेगा। हालांकि, उसने अंतिम निर्णय पर पहुंचने से पहले इस मुद्दे पर व्यापक सार्वजनिक बातचीत की मांग की थी। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला मौजूदा विधि आयोग विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने पर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे रहा है।

**चारोतार यूनिवर्सिटी आफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी के दीक्षांत समारोह में बोले-प्रधान**

# उच्च शिक्षा में 2030 तक सकल नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य

भाषा ▶▶| आणंद (गुजरात)

भारत ने अधिक से अधिक लोगों को पढाई कराने और कुशल कामगार बना कर देश को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के अपने प्रयास के तहत उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को 2030 तक मौजूदा 27 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार कहा कि भारत का 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य कोई कल्पनालोक का विचार नहीं है। देश लोगों के जीवन स्तर और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, परिवहन को सतत और किफायती बनाने तथा आर्थिक अवसरों में अंतर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। चारोतार यूनिवर्सिटी आफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी के 13 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि भारत का सकल नामांकन अनुपात मौजूदा समय में 27 प्रतिशत है और हमारा लक्ष्य इसे बढ़ा कर 2030 तक 50 प्रतिशत करने का है, केवल तभी हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन पाएंगे।

## कानून का सम्मान न करने वाले लोग जांच एजेंसियों पर हमला कर रहे : केंद्रीय मंत्री



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ द्वारा हमले किए जाने की शनिवार को निंदा की और कहा कि जो लोग कानून का सम्मान नहीं करते हैं और अपने गलत कृत्यों के लिए जेल जाने से डरते हैं, वे ही जांच एजेंसियों पर ऐसे हमले करते हैं। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में ईडी के कुछ अधिकारियों से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के कथित समर्थकों ने उस समय मारपीट की और उनके वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए जब वे राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में टीएमसी नेता के आवास की तलाशी लेने जा रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन घोटाले के सिलसिले में बनगांव नगर निकाय के पूर्व अध्यक्ष शंकर आद्या को शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अधिकारी जब शंकर को ले जाने लगे तो शंकर के समर्थकों ने उनका रास्ता रोकने की कथित तौर पर कोशिश की और अधिकारियों के वाहनों पर पथराव भी किया। ईडी टीम के साथ मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को हालात पर काबू पाने के लिए भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रधान ने कहा, ''किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी एजेंसियां अपने नियमों के अनुसार काम करती है।

## हिज्बुल्ला ने हमास नेता की हत्या के बाद इजराइल पर रॉकेट दागे

एजेंसी ▶▶| बेरूत

लेबनान के संगठन हिज्बुल्ला ने इस सप्ताह की शुरुआत में राजधानी बेरूत में अपने सहयोगी समूह हमास के एक शीर्ष नेता की संभवतः इजराइल द्वारा हत्या किए जाने के बाद शुरुआती पलटवार करते हुए शनिवार को उत्तरी इजराइल की ओर दर्जनों रॉकेट दागे। हिज्बुल्ला के नेता सैयद हसन नसरल्ला ने एक दिन पहले कहा था कि उनका समूह हमास के उप राजनीतिक नेता सालेह अरूरी की हत्या के मामले में पलटवार करेगा। नसरल्ला ने कहा था कि अगर हिज्बुल्ला ने अपने गढ़ दक्षिणी बेरूत में अरूरी की हत्या के सिलसिले में पलटवार नहीं किया तो सभी लेबनानी इजराइली हमले का शिकार हो सकते हैं। हिज्बुल्ला ने शनिवार को कहा कि उसने माउंट मेरोन में वायु निगरानी अड्डे की ओर 62 रॉकेट दागे, जो सीधे निशाने पर जाकर लगे।

### गाजा में भुखमरी का खतरा मंडरा रहाः संरा



**संयुक्त राष्ट्र (एपी)।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के तीन महीने बाद गाजा के हालात इतने अधिक खराब हो गए हैं कि यह जगह अब रहने लायक नहीं बची है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के अवर सचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने शुक्रवार को यह बात कही और साथ ही चेतावनी दी कि गाजा में भुखमरी का खतरा मंडरा रहा है तथा वहां एक भीषण सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा की स्थिति पैदा हो सकती है। ग्रिफिथ्स ने कहा कि गाजा के 23 लाख लोग ₹प्रतिदिन अपने अस्तित्व के लिए पैदा हो रहे खतरों₹ का सामना करते हैं जबकि दुनिया सिर्फ देखती रहती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25